दैनिक
लोकजीवन
भीलवाड़ा एवं जयपुर से प्रकाशित राज्यस्तरीय समाचार पत्र
संस्थापक - स्व. डॉ. शिवकुमार जी त्रिवेदी
■ रजि. नं. 27201/76 ■ मूल्य 2 रूपया ■ पोस्टल रजि. नं. भीलवाड़ा/103/2024-2026
■ वर्ष 51 ■ अंक 284 ■ भीलवाड़ा ■ गुरुवार 26 नवम्बर 2026 ■ मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष- द्वितीया संवत् 2083 ■ कुल पृष्ठ 4

लोकजीवन
के वाट्सएप ग्रुप से जुड़ने के लिए QR को स्केन करें

कांग्रेस की सुनीता कौशिक का उप जिला प्रमुख बनना तय

भाजपा ने अविनाश जीनगर को उतारा मैदान में, तीन बजे से मतदान, शाम तक आएगा परिणाम


कांग्रेस


बीजेपी

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

जिला प्रमुख चुनाव में जीत से उत्साहित कांग्रेस ने आज उप जिला प्रमुख चुनाव में गाडरमाला की सुनीता देवी कौशिक को प्रत्याशी बनाया है। जिला परिषद में बहुमत होने के कारण कौशिक का उप जिला प्रमुख बनना तय है। फिर भी भाजपा ने कांग्रेस के निर्विरोध निर्वाचन की राह को रोकते हुए अपने प्रत्याशी अविनाश जीनगर मैदान में उतार दिया। जीनगर भाजपा के जिला महामंत्री हैं। उप जिला प्रमुख चुनाव की प्रक्रिया जिला निर्वाचन अधिकारी जसमीत सिंह संधू की मौजूदगी में कलेक्ट्रेट के सभागार में आज सुबह 10 बजे शुरू हुई। कांग्रेस प्रत्याशी वार्ड नंबर 29 से सुनीता देवी कौशिक ने अपना नामांकन दाखिल किया। इसके बाद भाजपा की ओर से अविनाश जीनगर ने उम्मीदवारी जताई। अब दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। इसके बाद मतगणना कर परिणाम घोषित कर दिया जाएगा। यदि शत प्रतिशत मतदान पांच बजे से पहले हो जाता है तो पहले ही रिजल्ट आ जाएगा। जिला प्रमुख के चुनाव के बाद अब सबकी निगाहें उप जिला प्रमुख के पद पर है।

कलेक्ट्रेट पर कड़ी सुरक्षा

जिला प्रमुख चुनाव के दौरान कल कलेक्ट्रेट में भाजपा-कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच हुए हंगामे को देखते हुए आज पुलिस-प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। पुलिस-प्रशासन आज पूरी तरह सतर्क है। एडिशनल एसपी, डिप्टी एसपी और चारों थानों के थाना प्रभारी सहित अतिरिक्त जाब्ता लगाया गया है। भीड़ को रोकने और क्राउड कंट्रोल के लिए कलेक्ट्रेट के बाहर भी बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। सड़क के दोनों तरफ बैरिकेडिंग लगाई गई है।

प्रधान चुनाव कल

भीलवाड़ा। जिले की 16 पंचायत समितियों के प्रधान के चुनाव का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। सुवाणा, कोटड़ी, मांडलगढ़, बिजौलियां, खजूरी, जहाजपुर, फूलिया कलां, शाहपुरा, बनेड़ा, हुरड़ा, आसींद, शंभूगढ़, करेड़ा, मांडल, रायपुर, सहाड़ा प्रधान पद का चुनाव 27 नवम्बर को तथा उप-प्रधान पद का चुनाव 28 नवम्बर को होगा। दोनों ही दिवसों में बैठक प्रातः 10 बजे पंचायत समिति में आयोजित की जाएगी। नाम निर्देशन-पत्र सुबह 11 बजे तक प्रस्तुत किए जा सकेंगे। इसके बाद सुबह 11:30 बजे से संवीक्षा, दोपहर 1 बजे तक नाम वापसी, इसके बाद चुनाव चिह्नों का आवंटन होगा। मतदान दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। फिर मतगणना कर परिणाम की घोषणा की जाएगी।

जिला प्रमुख चुनाव में ऊपरमाल का दबदबा

छठे निर्वाचित जिला प्रमुख बने कैलाश मीणा

अब तक 13 में से पांच जिला प्रमुख ऊपरमाल क्षेत्र के

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

जिला परिषद के 1959 में गठन से लेकर अब तक जिला प्रमुखों के चुनाव में ऊपरमाल क्षेत्र का दबदबा रहा। अब तक 13 जिला प्रमुख चुनाव जीते। इनमें से पांच जिला प्रमुख ऊपरमाल क्षेत्र से रहे। एक कार्यवाहक जिला प्रमुख रहे। इस तरह कुल छह हो गए। कल हुए चुनाव में भी ऊपरमाल क्षेत्र के खनन व्यवसायी कैलाश मीणा ने जीत हासिल की। कांग्रेस के मीणा ने भाजपा प्रत्याशी करेड़ा के पूर्व उप प्रधान सुखालाल गुर्जर को 17 वोटों से हराया। कांग्रेस के मीणा को 31 वोट मिले, जबकि भाजपा को 17 वोट। त्रिस्तरीय पंचायतीराज व्यवस्था की सबसे बड़ी पंचायत जिला परिषद में कांग्रेस की सत्ता 11 साल बाद लौटी। नवनिर्वाचित



जिला प्रमुख मीणा 33 करोड़ से अधिक की संपत्ति के मालिक हैं।

जिला परिषद के आंकड़ों पर नजर डालें तो 66 साल के इतिहास में अब तक 8 बार कांग्रेस और 5 बार भाजपा का जिला प्रमुख बना। इसके अलावा प्रशासक का राज रहा। ऊपरमाल क्षेत्र से सबसे पहले जिला प्रमुख बनने का गौरव कांग्रेस से पूर्व मुख्यमंत्री स्व.शिवचरण माथुर को मिला। वे 11 मार्च 1961 से 25 फरवरी 1965 तक जिला प्रमुख रहे। इसके बाद मांडलगढ़ के रहने वाले राजस्थान अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष रहे स्व.हफीज मोहम्मद 7 जनवरी 1982 को जिला प्रमुख बने। उन्होंने 10 जुलाई 1988 तक सत्ता संभाली।

इसके बाद कांग्रेस से ही कमला धाकड 12 फरवरी 2000 से 9 फरवरी 2005 तक, भाजपा से इंजी.कन्हैयालाल धाकड़ 10 फरवरी 2005 से 17 फरवरी 2010 तक तथा भाजपा के ही शक्ति सिंह हाड़ा 2 फरवरी 2016 से 7 फरवरी 2020 तक जिला प्रमुख रहे। कांग्रेस के रतन लाल भील 12 फरवरी 1998 से 11 फरवरी 2000 तक कार्यवाहक जिला प्रमुख रहे। प्रमुख चुनाव में एक बार फिर ऊपरमाल का वर्चस्व नजर आया और मांडलगढ़ के पूर्व प्रधान खनन व्यवसायी कैलाश मीणा ने गांवों की सत्ता के सिरमौर बने।

कांग्रेस में जश्न, भाजपा में मायूसी

कांग्रेस के दिग्गज नेता पूर्व मंत्री देहात जिलाध्यक्ष रामलाल जाट एवं कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव पूर्व बीज निगम अध्यक्ष धीरज गुर्जर की रणनीति काम आई। ग्यारह साल के इंतजार के बाद कांग्रेस ने जिला परिषद में कमबैक किया। कैलाश मीणा के जिला प्रमुख बनते ही कांग्रेस ने जाट व गुर्जर के नेतृत्व में जमकर आतिशबाजी की। कलेक्ट्रेट से जिला कांग्रेस कार्यालय तक जुलूस निकाला। आतिशबाजी की। एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया। उधर, भाजपा में मायूसी छाई है।

भाजपा-कांग्रेस कार्यकर्ताओं में धक्का-मुक्की पर गरमाई सियासत

भीलवाड़ा। जिला प्रमुख चुनाव के दौरान भाजपा-कांग्रेस कार्यकर्ताओं में हुई धक्का-मुक्की को लेकर सियासत गरमा गई है। भाजपा ने कांग्रेस पर आरोप लगाया है कि उसके कार्यकर्ताओं ने जिला प्रमुख प्रत्याशी सुखालाल गुर्जर से धक्कामुक्की कर कपड़े फाड़े। कांग्रेस ने भाजपा के आरोपों को झूठा बताया।

घटना अशोभनीय : मेवाड़ा

कलेक्ट्रेट परिसर में पुलिस-प्रशासन के सामने उनके प्रत्याशी के साथ धक्का-मुक्की और हमला हुआ। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र का यह महापर्व है, इसे उत्सव के रूप में मनाना चाहिए। जनता का जो भी फैसला है, वह सभी को स्वीकार्य है। इस तरह की घटना अशोभनीय है। हमने कलेक्टर और एसपी से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

– **प्रशांत मेवाड़ा,** भाजपा जिलाध्यक्ष, भीलवाड़ा

बीजेपी के आरोप झूठेः जाट

बीजेपी के लगाए सभी आरोप झूठे हैं। मैं खुद मौके पर था। वोट की लाइन में धक्का-मुक्की होती है, कार्यकर्ताओं में जोश होता है, लेकिन हमले जैसी कोई बात नहीं हुई। दूसरी ओर से जीते हुए सदस्यों को प्रलोभन देकर तोड़ने की कोशिश की जा रही थी। सत्ता के दबाव में पुलिस कांग्रेस को एक भी पद जीतने नहीं देना चाहती। कांग्रेस की लीगल टीम भी इस मामले में एफआईआर देगी।

– **रामलाल जाट,** कांग्रेस देहात जिलाध्यक्ष, भीलवाड़ा

हम सहन नहीं करेंगेः गुर्जर

कांग्रेस का राजस्थान गुर्जर महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा प्रत्याशी सुखालाल के साथ मारपीट व कपड़े फाड़ना जघन्य अपराध है। इस घटना की राजस्थान गुर्जर महासभा के प्रदेशाध्यक्ष के नाते मैं बहुत निंदा करता हूं। गुर्जर समाज में आक्रोश है। यदि पुलिस प्रशासन ने समय पर कार्रवाई नहीं की तो हम सहन नहीं करेंगे।

– **कालूलाल गुर्जर,** पूर्व मंत्री, भाजपा

कलेक्ट्रेट में भाजपा प्रत्याशी से मारपीट और सीआई से धक्का-मुक्की का आरोप, एसपी को दी रिपोर्ट

भीलवाड़ा। जिला प्रमुख चुनाव प्रक्रिया के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में जमकर हंगामा और धक्का-मुक्की होने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर भाजपा प्रत्याशी सुखालाल और पार्टी पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक को रिपोर्ट सौंपकर कार्रवाई की मांग की है, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, निर्वाचन विभाग की ओर से मतपेटियां सील करने की प्रक्रिया के तहत हस्ताक्षर के लिए सुखालाल को दोपहर तीन बजे से पहले फोन कर बुलाया गया था। इस पर वे करीब ढाई बजे अपने कुछ साथियों के साथ निर्वाचन परिसर पहुंचे।

बताया गया कि उस समय मुख्य गेट और पार्किंग के पास कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे। सीआई हनुमान सिंह ने निर्वाचन विभाग से चर्चा कर सुखालाल को भीतर जाने की अनुमति दिलाई और साइड मार्ग से जाने को कहा, लेकिन वहां मौजूद कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने इसका विरोध शुरू कर दिया। आरोप है कि इसी दौरान कार्यकर्ताओं ने सुखालाल को घेर लिया और हाथ पकड़कर खींचातानी की, जिससे उनकी जैकेट के बटन टूट गए और कपड़े फट गए। साथ ही सरकारी चिकित्सक पर महावीर सरगरा के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया गया है। रिपोर्ट में शंभू चौधरी और जुबेर सहित 200 से 250 लोगों की भीड़ पर हमला व अभद्रता करने के आरोप लगाए गए हैं। यह भी आरोप लगाया गया कि जब सीआई हनुमान सिंह सुखालाल को हस्ताक्षर कराने के लिए अकेले अंदर ले जाने लगे, तब कार्यकर्ताओं ने पुलिस दल के साथ भी धक्का-मुक्की की और उन्हें गिराने का प्रयास किया। दूसरी ओर, जिला प्रमुख और पंचायत समिति प्रधान चुनाव से पहले सियासी बयानबाजी भी तेज हो गई है। जिला कांग्रेस कमेटी (देहात) ने आरोप लगाया है कि भाजपा सत्ता और धनबल के साथ पुलिस-प्रशासन का दुरुपयोग कर निर्वाचित सदस्यों पर दबाव बना रही है।

देहात जिलाध्यक्ष रामलाल जाट के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं व जनप्रतिनिधियों के प्रतिनिधिमंडल ने जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर चुनाव निष्पक्ष व भयमुक्त कराने की मांग की। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि चुनाव में बहुमत मिलने के बावजूद निर्वाचित कांग्रेस सदस्यों और उनके परिजनों पर अपने पक्ष में मतदान का दबाव डाला जा रहा है तथा पुलिस के जरिए डराने और झूठे मामलों में फंसाने की धमकियां दी जा रही हैं। प्रतिनिधिमंडल ने गुलाबपुरा नगरपालिका चुनाव का जिक्र करते हुए भी पूर्व में दबाव बनाने के प्रयास किए जाने की बात कही।

दिनदहाड़े मकान में चोरी, सवा किलो चांदी और सोना समेटकर फरार, तीन संदिग्धों की तलाश

भीलवाड़ा। शाहपुरा क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद होते नजर आ रहे हैं। दिनदहाड़े मकान को निशाना बनाते हुए अज्ञात चोर करीब सवा किलो चांदी और 5 ग्राम सोना चोरी कर फरार हो गए। घटना के बाद से इलाके की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं और ग्रामीणों में नाराजगी का माहौल है। जानकारी के अनुसार, यह वारदात शाहपुरा इलाके के माता जी का खेड़ा में रामेश्वर बैरवा के मकान में हुई। चोरों ने मौका देखकर घर में प्रवेश किया और वहां रखे सोने-चांदी के आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। चोरी गए सामान में करीब सवा किलो चांदी और 5 ग्राम सोना शामिल बताया जा रहा है, जिससे पीड़ित परिवार को नुकसान उठाना पड़ा है। वारदात की जानकारी मिलते ही पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए।



प्रारंभिक पड़ताल के दौरान घटनास्थल के आसपास तीन संदिग्ध व्यक्तियों के घूमने की जानकारी सामने आई है, जिन्हें लेकर पुलिस सतर्क हो गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अब आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि संदिग्धों की गतिविधियों और पहचान का पता लगाया जा सके। इसके साथ ही क्षेत्र के मोबाइल टावरों का बीटीएस डाटा भी एकत्रित किया जा रहा है, जिससे आरोपियों की लोकेशन का सुराग मिल सके। फिलहाल चोर पुलिस की पकड़ से बाहर हैं और अभी तक कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लग सका है। दिनदहाड़े हुई इस चोरी की घटना से माता जी का खेड़ा सहित आसपास के ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। लोग क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और वारदात का जल्द खुलासा करने की मांग कर रहे हैं। पुलिस टीमों द्वारा संदिग्धों की तलाश और हर पहलू पर जांच जारी है।











जिला प्रमुख चुनाव : कांग्रेस ने 24 सीटों पर दर्ज की जीत, मुख्यमंत्री-मंत्रियों के इलाकों में हारी भाजपा

जयपुर। राजस्थान के 37 जिलों में हुए जिला प्रमुख चुनाव में कांग्रेस ने 24 सीटों पर जीत दर्ज कर बड़ा उलटफेर किया है, जबकि भारतीय जनता पार्टी को केवल नौ सीटों पर ही संतोष करना पड़ा। इस चुनाव में 26 जिलों में महिला जिला प्रमुख निर्वाचित हुई हैं। इसके अलावा भारत आदिवासी पार्टी ने दो और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी ने एक सीट पर विजय हासिल की। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के गृह जिले भरतपुर सहित तीन केंद्रीय मंत्रियों के निर्वाचन क्षेत्रों में भाजपा को हार का सामना करना पड़ा है।

दिग्गजों के गढ़ में मिली हार

मुख्यमंत्री के गृह जिले भरतपुर में भाजपा प्रत्याशी पूजा जाटव को हार का सामना करना पड़ा, जहां कांग्रेस की रेनू बाला जिला प्रमुख चुनी गईं। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के राजनीतिक कार्यक्षेत्र झालावाड़ में तो भाजपा जीती, लेकिन उनके गृह जिले धौलपुर में कांग्रेस ने जीत दर्ज की। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के निर्वाचन क्षेत्र अलवर और केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल व गजेंद्र सिंह शेखावत के क्षेत्र जोधपुर में भी कांग्रेस के प्रत्याशी विजयी रहे। इन जिलों में हुए जिला परिषद चुनाव में कांग्रेस को पहले ही बहुमत मिला था। ब्यावर जिले में भी कड़ा मुकाबला देखने को मिला, जहां भाजपा की निर्मला एक वोट से हार गईं और कांग्रेस की ममता गुर्जर जिला प्रमुख बनीं। वहीं जैसलमेर में कांग्रेस की 21 वर्षीय संतोष कुमारी निर्वाचित हुई हैं।

क्रॉस वोटिंग और अनुशासनात्मक कार्रवाई

कई जिलों में क्रॉस वोटिंग की घटनाएं सामने आईं। चूरू में कांग्रेस के पास बहुमत होने के बाद भी पार्टी में हुई क्रॉस वोटिंग के कारण भाजपा नेता राजेंद्र राठौड़ की पुत्रवधू कनिका सिंह जीत दर्ज करने में सफल रहीं। बीकानेर में भी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य गोविंद राम मेघवाल अपनी पुत्री सरिता को जिला प्रमुख बनवाना चाहते थे। टिकट न मिलने पर उनके खेमे के सदस्यों ने क्रॉस वोटिंग की, हालांकि इसके बावजूद कांग्रेस की निकिता डूडी चुनाव जीत गईं। इस घटनाक्रम के बाद गोविंद राम मेघवाल और उनकी पुत्री को निलंबित कर दिया है।

न्यूज इन बाक्स

विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय संरक्षक मोहन शरण जी शास्त्री का अभिनंदन



भीलवाड़ा। विप्र फाउंडेशन द्वारा श्री निंबार्क प्राकट्य महोत्सव पर विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय संरक्षक, महंत श्री मोहन शरण जी शास्त्री का अभिनंदन किया गया। विप्र फाउंडेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष तुलसीराम शर्मा, छन्यात ब्राह्मण ट्रस्ट के अध्यक्ष डीके दाधीच, जिलाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण व्यास के नेतृत्व में जिला कार्यकारिणी ने बालाजी महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात महंत मोहनशरण जी महाराज को शॉल और अपर्णा ओढ़ाकर, श्रीफल भेंट कर प्राकट्य महोत्सव की शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन के गोपी शर्मा, देवेंद्र सारस्वत, अभिषेक शर्मा, सूरज जोशी, भूपेश तिवाड़ी, कृष्णकांत शर्मा, शुभम् सुखवाल, सुनील शर्मा, कमलेश पाराशर, दिनेश शर्मा, दया गौड़, कल्पना तिवारी, अंजू ओझा, अनुराधा ओझा, नीलम शर्मा, पम्मी शर्मा आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

चारभुजानाथ महिला मंडल द्वारा रामधाम गौशाला में लापसी व गुड वितरित



भीलवाड़ा। चारभुजानाथ महिला मंडल, गौतम आश्रम की सदस्याओं ने राम धाम गौशाला में गायों के लिए 50 किलो लापसी एवं गुड का प्रसाद वितरित किया। महिला मंडल द्वारा प्रतिवर्ष सेवा की जाती है गौ सेवा के माध्यम से संस्कार समर्पण एवं सामाजिक सहभागिता का संदेश दिया। महिलाओं ने गौशाला की गायों को लापसी एवं गुड प्रसाद अर्पित किया तथा गौशाला सेवा का महत्व बताया। कार्यक्रम में महिला मंडल की अध्यक्ष इच्छा शर्मा, शरबती देवी, राधा अग्रवाल, संतोष गोयल, शांता गुप्ता, अंजू कुमावत, उषा पोद्दार, विमला सुथार, राकेश पोरवाल, सीता, सत्भामा, लाली सोडाणी, लाड़ सोडाणी, सावित्री पलोर, राशी पांडे, शकुंतला, गौरी, सरोज गग्गड, मनोहर तंबोली, पुष्पा एवं स्नेह लता उपस्थित रहीं।

खेत पर काम कर रही महिला पर हमला, मामला दर्ज

भीलवाड़ा। शाहपुरा क्षेत्र के डाबला चांदा गांव में खेत में कृषि कार्य कर रही महिला पर उसके जेठ और जेठानी द्वारा कथित तौर पर लकड़ियों से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। मारपीट में घायल महिला का मेडिकल परीक्षण करवाकर शाहपुरा थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। शाहपुरा थाने के सहायक उपनिरीक्षक मुकेश कुमार के अनुसार, डाबला चांदा निवासी गोविंद लुहार की पत्नी लीला बुधवार शाम करीब चार बजे खेत में काम कर रही थी। इसी दौरान वहां उसका जेठ ओमप्रकाश और जेठानी लक्ष्मी पहुंचे। आरोप है कि दोनों ने लीला के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और फिर लकड़ियों से मारपीट की, जिससे वह घायल हो गई। घटना के बाद पीड़ित महिला के पति गोविंद लुहार ने शाहपुरा थाने में रिपोर्ट दी। पुलिस ने घायल महिला का प्राथमिक उपचार और मेडिकल परीक्षण करवाया तथा रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस दोनों पक्षों के बीच हुए विवाद और मारपीट के वास्तविक कारणों की पड़ताल कर रही है। पारिवारिक व खेत से जुड़े विवादों के हिंसक रूप लेने की यह घटना ग्रामीण क्षेत्रों में आपसी तनाव के गंभीर परिणामों को उजागर करती है। मेडिकल रिपोर्ट और जांच पड़ताल के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई तय की जाएगी।

महज दस मिनट में बाइक पार, आरोपी दशरथ गिरफ्तार

भीलवाड़ा। काछोला कस्बे में बाइक चोरी की एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां लघुशंका के लिए रुके और मोबाइल पर बात कर रहे युवक की बाइक चोर ने महज दस मिनट में उड़ा ली। मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी दशरथ को गिरफ्तार कर लिया है। एएसआई राजकुमार के अनुसार, राजगढ़ निवासी कैलाश भील मंगलवार को किसी काम से काछोला आया था। उसने बस स्टैंड के पास अपनी बाइक खड़ी की और लघुशंका के लिए पास की गली में चला गया। इसी दौरान उसके मोबाइल पर कॉल आ गई और वह फोन पर बातचीत करने लगा। जब कैलाश मोबाइल पर बात करने में व्यस्त था, तभी अज्ञात चोर ने मौका देखकर उसकी बाइक चुरा ली और फरार हो गया। करीब दस मिनट बाद वापस लौटने पर कैलाश ने अपनी बाइक गायब पाई। आसपास काफी तलाश करने के बावजूद बाइक का पता नहीं चलने पर उसने थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और कार्रवाई करते हुए दशरथ नामक युवक को गिरफ्तार कर लिया। अब पुलिस आरोपी से पूछताछ कर चोरी की गई बाइक बरामद करने का प्रयास कर रही है। दिनदहाड़े और कुछ ही मिनटों में हुई यह वारदात सार्वजनिक स्थानों पर वाहन सुरक्षा को लेकर सजग रहने की आवश्यकता बताती है। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद अब चोरी की बाइक की बरामदगी और अन्य संभावित वारदातों से जुड़े पहलुओं की जांच की जा रही है।

तख्तपुरा के बालिका विद्यालय में अर्धवार्षिक परीक्षा के दौरान छात्राओं की तबीयत बिगड़ी

भीलवाड़ा। हमीरगढ़ उपखंड के तख्तपुरा गांव स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में अर्धवार्षिक परीक्षा के दौरान अचानक कई छात्राओं की तबीयत बिगड़ने से विद्यालय परिसर में अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में स्कूल स्टाफ ने छात्राओं को हमीरगढ़ उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां चिकित्सकीय जांच के बाद सभी को स्वस्थ पाया गया। जानकारी के अनुसार, विद्यालय में अंग्रेजी विषय की अर्धवार्षिक परीक्षा शुरू होते ही एक छात्रा अचानक बेहोश हो गई। इसके कुछ ही देर बाद अन्य छात्राओं की भी तबीयत बिगड़ने लगी। इसी बीच एक छात्रा घबराकर चिल्लाते हुए कक्षा से बाहर दौड़ पड़ी, जिससे अन्य विद्यार्थियों और स्टाफ में हड़कंप की स्थिति बन गई। घटना की सूचना मिलते ही हमीरगढ़ थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। प्रधानाचार्या आशा मंत्री ने बताया कि विद्यालय में करीब 150 छात्राएं अध्ययनरत हैं और उन्हें यहां कार्य करते हुए डेढ़ वर्ष से अधिक समय हो चुका है, लेकिन पहले कभी ऐसी घटना सामने नहीं आई। वहीं, चिकित्सा प्रभारी सुरेन्द्र चौधरी ने बताया कि लगभग 5 से 7 छात्राओं को अस्पताल लाया गया था। चिकित्सकों ने सभी की जांच की और उन्हें स्वस्थ पाया। उन्होंने आशंका जताई कि परीक्षा के तनाव, घबराहट, भय या किसी तरह के वहम के चलते छात्राओं की तबीयत बिगड़ी हो सकती है। हालांकि चिकित्सकीय तौर पर सभी छात्राओं के स्वस्थ होने से प्रशासन और परिजनों ने राहत की सांस ली, लेकिन एक साथ कई छात्राओं के बीमार पड़ने से अभिभावकों और ग्रामीणों में चिंता का माहौल रहा। परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों में तनाव और भय को कम करने के लिए संवेदनशील वातावरण व काउंसलिंग बेहद जरूरी है।

बनास नदी में अवैध बजरी खनन पर मशीनें और वाहन जब्त, चालक गिरफ्तार

भीलवाड़ा। अवैध बजरी खनन और परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़लियास थाना पुलिस ने बनास नदी में दबिश देकर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस ने मौके से दो जेसीबी मशीन, एक ट्रेलर, एक ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक बाइक जब्त करते हुए एक चालक को गिरफ्तार किया है। अचानक हुई इस कार्रवाई से क्षेत्र के बजरी माफियाओं में हड़कंप मच गया और कई आरोपी भूमिगत हो गए। थाना प्रभारी जसवंत सिंह के मुताबिक, जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अवैध बजरी खनन व परिवहन के विरुद्ध सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी म में बुधवार देर रात पुलिस टीम गश्त पर थी, तभी सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के श्रीपुरा गांव के समीप से गुजर रही बनास नदी में अवैध रूप से बजरी का खनन किया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने बनास नदी क्षेत्र में दबिश दी। मौके पर दो जेसीबी मशीन, एक ट्रेलर और एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अवैध खनन कार्य में लिप्त मिले। पुलिस ने वहां से एक बाइक भी जब्त की तथा ट्रेलर चालक प्रहलाद पुत्र छोटू लाल गुर्जर निवासी रामनगर बीगोद को गिरफ्तार कर लिया। सभी वाहनों और आरोपी को थाने लाया गया, जहां अवैध बजरी खनन की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू की गई।

सावधान! बेअसर हो रही हैं जीवनरक्षक दवाएं, मनमानी एंटीबायोटिक सेहत पर भारी

एमजीएच में एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस पर मंथन

अधूरा कोर्स बना रहा जीवाणुओं को सुपरबग

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

हल्का सा बुखार या जुकाम होते ही बिना डॉक्टरी परामर्श के मेडिकल स्टोर से एंटीबायोटिक दवाएं खरीदकर खाना अब आपकी जान पर भारी पड़ सकता है। दवाओं के इस बेतहाशा और अनियंत्रित इस्तेमाल से शरीर के भीतर मौजूद जीवाणु इतने ताकतवर होते जा रहे हैं कि उन पर जीवनरक्षक दवाओं का असर भी खत्म होने लगा है। चिकित्सा जगत की इस सबसे बड़ी और गंभीर चुनौती एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस (एएमआर) पर गुरुवार को महात्मा गांधी चिकित्सालय के लेक्चर हॉल में एक विशेष सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) कार्यशाला का आयोजन किया गया।





आरवीआरएस मेडिकल कॉलेज के माइक्रोबायोलॉजी विभाग के तत्वावधान में आयोजित इस हाईटेक सत्र में विशेषज्ञों ने डिजिटल प्रेजेंटेशन और केस स्टडी के जरिए स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि समय रहते एंटीबायोटिक दवाओं का दुरुपयोग नहीं रोका गया, तो भविष्य में मामूली संक्रमण का इलाज करना भी नामुमकिन हो जाएगा।

दवा का अधूरा कोर्स छोड़ना सबसे बड़ा खतरा

सत्र के दौरान विशेषज्ञों ने आमजन की सबसे बड़ी लापरवाही की ओर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने बताया कि मरीज अक्सर दो-तीन खुराक लेने के बाद थोड़ा आराम महसूस होते ही दवा का निर्धारित कोर्स बीच में ही छोड़ देते हैं। यह आदत सबसे घातक है, क्योंकि इससे अधमरे जीवाणु खुद को और अधिक मजबूत बना लेते हैं और अगली बार वही दवा उन पर काम नहीं करती। इसके अलावा सेल्फ-मेडिकेशन की प्रवृत्ति भी हालात बिगाड़ रही है।

सीएमई में वन हेल्थ, वन एक्शन का दिया मंत्र

अवेयरनेस वीक के तहत आयोजित इस सीएमई का मुख्य विषय फॉम प्रिस्क्रिप्शन टू प्रिवेंशन: ए मल्टीसेक्टोरल स्ट्रेटजी फॉर एएमआर कंटेनमेंट रखा गया। वक्ताओं ने सप्ताह की थीम वन हेल्थ, वन एक्शन प्रिवेंट एएमआर नाउ को रेखांकित करते हुए कहा कि यह समस्या केवल अस्पतालों तक सीमित नहीं है। मानव स्वास्थ्य के साथ-साथ पशु चिकित्सा और पर्यावरण के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करके ही दवा प्रतिरोधक क्षमता की इस बढ़ती चेन को तोड़ा जा सकता है। कार्यक्रम में जागरूकता पोस्टरों और डेटा एनालिसिस के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि दवाओं का विवेकपूर्ण उपयोग ही सुरक्षित भविष्य की गारंटी है।

प्रिस्क्रिप्शन से लेकर रोकथाम तक पर मंथन

कार्यक्रम में संरक्षक के रूप में मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉ. पूजा गंगराड़े का मार्गदर्शन रहा। विशेष अतिथि के रूप में जिला नोडल अधिकारी (एएमआर) एवं सीएमएचओ डॉ. सी.पी. गोस्वामी, पूर्व प्राचार्य डॉ. वर्षा अशोक सिंह, एमजीएच कार्यवाहक अधीक्षक डॉ. वीरेंद्र शर्मा, उपनियंत्रक डॉ. वीरभान चंचलानी मौजूद रहे। आयोजन की पूरी रूपरेखा माइक्रोबायोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. रोहित सचदेवा और नोडल अधिकारी (एएमआर) डॉ. भाविनी विजयवर्गीय के निर्देशन में तैयार की गई। सत्र में बड़ी संख्या में चिकित्सक, रेजिडेंट डॉक्टर्स, मेडिकल विद्यार्थी और स्वास्थ्यकर्मी शामिल हुए, जिन्होंने प्रिस्क्रिप्शन से लेकर रोकथाम तक की बहुक्षेत्रीय रणनीति पर मंथन किया। अंत में सभी ने एंटीबायोटिक की प्रभावशीलता बचाने और आमजन को जागरूक करने का सामूहिक संकल्प लिया।

बाल विवाह को समाप्त करने के लिए समाज की सोच में बदलाव जरूरी: ओझा

जिला स्तरीय बाल विवाह निषेध कार्यशाला आयोजित

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को समाप्त करने तथा बच्चों के सुरक्षित एवं उज्ज्वल भविष्य के प्रति समाज को जागरूक करने के उद्देश्य से बाल अधिकारिता विभाग सभागार में जिला स्तरीय बाल विवाह निषेध कार्यशाला का आयोजन किया गया।

आयोजन एसोसिएशन फॉर वोलंटियरी एक्शन व नवाचार संस्थान जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के सहयोग से किया गया। कार्यशाला में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों, बाल विवाह से होने वाले सामाजिक, शारीरिक एवं मानसिक दुष्परिणामों तथा इसकी प्रभावी रोकथाम में विभिन्न विभागों की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यशाला की अध्यक्षता बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक धर्मराज प्रतिहार द्वारा की



गई। प्रतिहार ने जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने और डिजिटल माध्यमों से बच्चों के विरुद्ध होने वाले यौन अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए सभी संबंधित विभागों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के मध्य आपसी समन्वय और त्वरित कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया। बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष चंद्रकला ओझा ने बच्चों के सर्वोत्तम हित और उनकी सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने कहा कि बाल विवाह और ऑनलाइन बाल शोषण जैसी बुराइयों को जड़ से समाप्त करने के लिए केवल कानून ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि समाज की सोच में बदलाव और सामुदायिक स्तर पर सतर्कता बेहद जरूरी है। उन्होंने सभी हितधारकों से पीड़ित बच्चों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाने तथा उनके त्वरित संरक्षण व पुनर्वास सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

नवाचार संस्थान सचिव अरुण कुमावत ने बाल विवाह के दुष्परिणामों पर प्रकाश डाला। एसोसिएशन फॉर वोलंटियरी एक्शन के हेमंत सिसोदिया ने कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जमीनी सूचना तंत्र को मजबूत करना आवश्यक है।

विशेष बाल विवाह निषेध नोटिस बोर्ड का विमोचन

बाल विवाह रोकथाम नोटिस बोर्ड के साथ धार्मिक प्रतिष्ठानों–विशेष रूप से मंदिरों, मस्जिदों, गुरुद्वारों एवं अन्य पूजा स्थलों पर लगाए जाने वाले बाल विवाह निषेध नोटिस बोर्ड का विमोचन किया गया। कार्यशाला में बाल कल्याण समिति सदस्य विनोद राव, समाज कल्याण विभाग के उप निदेशक रामअवतार जाट, नूतन कुमार शर्मा, डॉ. राजेश छापरवाल चाइल्ड स्पेसलिस्ट, महिला थाना, मानव तस्करी विरोधी यूनिट से मुकेश पारीक, जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र गग्गड़, महिला एवं बाल विकास विभाग से सरोज कनोजिया, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग से डॉ.अभिनव निर्वान, नीति आयोग से गौरव पारीक, चाइल्ड हेल्प लाइन प्रभारी राधेश्याम गुर्जर, नवाचार संस्थान से अध्यक्ष सुमन दाधीच, जिला समन्वयक जितेन्द्र सिंह तोमर, अनिल ओझा, सीमा पुरोहित आदि सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

कैंसर पीड़ित व अन्य मरीजों को ब्लड व एसडीपी देकर बचाई जान



भीलवाड़ा। शहर में रक्त व प्लेटलेट्स की आवश्यकता के बीच समाजसेवियों और रक्तदाताओं ने आगे आकर जरूरतमंदों को राहत पहुंचाई है। रक्त की कमी के चलते समाजसेवी रमेश खोईवाल ने पीड़ित को बी-पॉजिटिव रक्तदान कर उपलब्ध कराया, वहीं युवा दिनेश साल्वी ने पहली बार रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया। दूसरी ओर, कैंसर से जूझ रही पीड़ित को बी-पॉजिटिव फ्रेश प्लेटलेट (एसडीपी) की जरूरत पड़ने पर रक्तवीर विक्रम दाधीच ने लविश मालपानी को सूचना दी। इस पर मालपानी ने एक माह में दूसरी बार तत्काल महात्मा गांधी अस्पताल स्थित ब्लड सेंटर पहुंचकर एसडीपी डोनेट की और पीड़ित के चेहरे पर मुस्कान लाई। उल्लेखनीय है कि कोरोना काल में भी मालपानी ने प्लाज्मा डोनेट कर जरूरतमंदों की मदद करते हुए सेवा की मिसाल कायम की थी। इसी तरह दुर्लभ रक्त की आवश्यकता पड़ने पर एबी-नेगेटिव ग्रुप के भागीरथ धाकड़ और विपिन सुरिया ने ओ-नेगेटिव रक्तदान कर पीड़ितों को बड़ी राहत दी। इस सेवा कार्य पर रक्तवीर विक्रम दाधीच व आलोक जाजू ने मालपानी के जज्बे का आभार जताया। वहीं, समय पर जरूरतमंदों को रक्त व प्लेटलेट्स उपलब्ध कराने में महात्मा गांधी ब्लड सेंटर के अर्पित बाहेती, कमलेश मीणा व नारायण का सहयोग भी सराहनीय रहा।

नव-प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षारम्भ कार्यक्रम में 67 विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत



भीलवाड़ा। महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर के कृषि महाविद्यालय, भीलवाड़ा में नव-प्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत हेतु भव्य दीक्षारम्भ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. के. के. यादव ने माँ सरस्वती के सामने दीप प्रजवल्लित कर किया। कार्यक्रम में कृषि स्नातक प्रथम वर्ष के 67 विद्यार्थियों का वरिष्ठ छात्राओं, प्रियांशी जांगीड़ और आशी मित्तल द्वारा तिलक लगाकर स्वागत किया गया। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. के. के. यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री एवं रोजगार प्राप्त करना नहीं, बल्कि संस्कारवान, जिम्मेदार और समाजोपयोगी नागरिक बनना भी है। उन्होंने भारतीय संस्कृति, राष्ट्रभक्ति एवं नैतिक मूल्यों को जीवन में अपनाने तथा अपने ज्ञान का उपयोग किसान कल्याण एवं राष्ट्र निर्माण में करने का आह्वान किया। दीक्षारम्भ कार्यक्रम की शैक्षणिक एवं संस्थागत महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उच्च शिक्षा संस्थानों में नव-प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए ऐसा आयोजन अत्यंत महत्वपूर्ण है। महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. के. एल. जीनगर ने विद्यार्थियों को अनुशासन, नियमित अध्ययन एवं व्यावहारिक ज्ञान का महत्व बताया। उन्होंने कृषि शिक्षा में प्रयोगशाला एवं खेतों में प्रायोगिक अनुभव के साथ आधुनिक कृषि तकनीक, डिजिटल कृषि, नवाचार एवं अनुसंधान को अपनाने पर जोर दिया। डॉ. सुचित्रा दाधीच ने महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों तथा उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी। इस दौरान विद्यार्थियों को यह संदेश दिया गया कि दीक्षारंभ कार्यक्रम विद्यार्थियों को सहज करने तथा आत्म विकास करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। डॉ. रामावतार ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए विद्यार्थियों को महाविद्यालय के नियम तथा मूल्यों से अवगत कराया। इसके साथ ही उन्होंने महाविद्यालय के विकास में विद्यार्थियों के योगदान के बारें में बताया तथा कार्यक्रम के अंत में सभी आभार भी व्यक्त किया। इस अवसर पर कमल किशोर, आशीष कुमार मीणा, हरनाथ सिंह कोठारी एवं नीता मीणा सहित महाविद्यालय के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

जेल में स्पंदन अभियान शुरू, डीजे ने मेडिकल मोबाइल वैन का किया उद्घाटन

बंदियों को समय पर एवं बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला कारागृह में 'स्पंदन अभियान - एक कारागार स्वास्थ्य सेवा पहल' का शुभारंभ किया गया। जिला एवं सेशन न्यायाधीश अभय जैन ने मेडिकल मोबाइल वैन का फीता काटकर उद्घाटन कर अभियान की औपचारिक शुरुआत की।

जिला एवं सेशन न्यायाधीश अभय जैन ने बताया कि स्पंदन अभियान का मुख्य उद्देश्य कारागार में निरुद्ध बंदियों को आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना तथा समय पर चिकित्सकीय जांच एवं उपचार सुनिश्चित करना है, ताकि स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण बंदियों को आवश्यक उपचार मिलने में किसी प्रकार की देरी न हो। उन्होंने



कहा कि मेडिकल मोबाइल वैन के माध्यम से बंदियों को आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं कारागृह परिसर में ही उपलब्ध हो सकेंगी, जिससे समय पर उपचार सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी। यह पहल बंदियों के स्वास्थ्य संरक्षण एवं उन्हें बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव रश्मि आर्य ने बताया कि अभियान के अंतर्गत जेल में निरुद्ध बंदियों को बेहतर एवं नियमित चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विशेष प्रबंध किए जाएंगे। स्पेशल प्रिजन मेडिकल टीमों द्वारा प्रत्येक माह प्रथम एवं तृतीय सप्ताह में कम से कम दो बार जेलों का भ्रमण किया जाएगा। इन दौरान बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण, विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श तथा आवश्यकता होने पर बाहरी चिकित्सा संस्थानों में रेफरल की पहचान की जाएगी। समय पर पर्याप्त स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से स्पंदन अभियान प्रारंभ किया गया है, ताकि कारागृह में निरुद्ध प्रत्येक बंदी को आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके तथा किसी भी बंदी को चिकित्सा सुविधा के अभाव में परेशानी का सामना न करना पड़े।

कार्यक्रम में देवांगिनी औदिच्य मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, राजेश आर्य अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, डॉ.सी.पी. गोस्वामी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, शैलेन्द्र फौजदार जेल अधीक्षक, मंजू पोखरना सामाजिक कार्यकर्ता तथा मेडिकल मोबाइल टीम के समस्त चिकित्सक एवं जेल व प्राधिकरण स्टाफ व अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

काली बाई भील व देवनारायण स्कूटी योजना के ऑनलाइन आवेदन 30 तक

दस्तावेजों में नाम-जन्मतिथि के अक्षरशः मिलान और मूल, आय प्रमाण पत्र अपलोड करने के निर्देश

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय की ओर से संचालित कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना एवं देवनारायण छात्रा स्कूटी व प्रोत्साहन राशि योजना (सत्र 2026-27) के तहत ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 30 नवंबर है। जिला नोडल स्कूटी केंद्र, सेठ मुरलीधर मानसिंहका राजकीय कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. प्रतिभा राव द्वारा जिले के सभी राजकीय और निजी महाविद्यालयों में नियमित रूप से अध्ययनरत पात्र छात्राओं से अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना यथाशीघ्र आवेदन करने हेतु निर्देशित किया गया। राव ने जिले के समस्त महाविद्यालय प्राचार्यों एवं स्कूटी



प्रभारियों से भी आह्वान किया है कि वे अपने स्तर पर समस्त दस्तावेजों की सूक्ष्म जांच के उपरांत त्रुटिरहित आवेदन ही जिला नोडल केंद्र को अग्रेषित करें।

जिला नोडल स्कूटी अधिकारी सूर्यप्रकाश पारीक ने बताया कि छात्रा के दस्तावेजों में विसंगतियों के कारण आवेदन निरस्त न होने हेतु छात्राओं को नियमावली का अध्ययन कर आवेदन करने हेतु जानकारी दी। इस वर्ष केवल वही छात्राएं पात्र होंगी जो महाविद्यालय में स्नातक प्रथम वर्ष में नियमित रूप से प्रवेशित हैं, स्वयंपाठी छात्राएं इसके लिए पात्र नहीं हैं। देवनारायण योजना में केवल अति पिछड़ा वर्ग (एसबीसी) की छात्राएं ही आवेदन कर सकेंगी, जबकि कालीबाई भील योजना में सामान्य (आर्थिक पिछड़ा वर्ग), ओबीसी, एससी, एसटी एवं अल्पसंख्यक वर्ग की पात्र छात्राएं आवेदन की हकदार होंगी।

पारीक ने बताया कि ई-मित्र पर फॉर्म भरवाते समय छात्राएं स्वयं स्क्रीन पर जांच लें कि आवेदन पत्र में उनका, माता और पिता का नाम तथा जन्मतिथि 10वीं व 12वीं की अंकतालिका, जन आधार, बैंक पासबुक और आय प्रमाण पत्र में अक्षरशः एक समान दर्ज हो। स्पेलिंग या जन्मतिथि में किसी भी प्रकार की भिन्नता होने पर आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, पोर्टल पर माता-पिता की ढाई लाख रुपये से कम वार्षिक आय का सत्र 2026-27 का एक पृष्ठ वाला पूर्ण भरा हुआ मूल आय प्रमाण पत्र ही स्कैन कर अपलोड करना अनिवार्य है। आवेदन के साथ वर्तमान महाविद्यालय की मूल शुल्क रसीद अपलोड करनी होगी। साथ ही छात्रा के स्वयं के नाम से संचालित बैंक खाते की पासबुक की स्पष्ट प्रति, जन आधार पर मोबाइल नंबर अपडेट होने की पुष्टि करने वाला निर्धारित शपथ पत्र तथा 12वीं की मूल अंकतालिका अपलोड करना आवश्यक है।

ब्यूटी पेजेंट 'द क्राउन ऑफ मेवाड़' जल्द, ऑडिशन 29 को

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

मेवाड़ की प्रतिभाओं को फैशन और ग्लैमर की दुनिया में बढ़ा मंच देने के उद्देश्य से इंस्पायर जीआर स्टार इंडिया द्वारा 'द क्राउन ऑफ मेवाड़' का आयोजन किया जाएगा। आईजीआर स्टार इंडिया की जया चौहान (फैशन आईकन) ने बताया कि यह मेवाड़ क्षेत्र का अब तक का सबसे बड़ा और आकर्षक ब्यूटी पेजेंट इवेंट होगा। इसका पहला ऑडिशन 29 नवंबर, रविवार प्रातः 10 बजे से होटल रॉयल एम्बेसी में आयोजित होगा। आईजीआर स्टार इंडिया के चैयरमेन गोपाल लाल माली ने बताया कि इस पेजेंट में मिस, मिसेज और मिस टीन श्रेणियों में प्रतिभागी हिस्सा ले सकेंगे। ऑडिशन और शो के माध्यम से प्रतिभागियों के आत्मविश्वास, रैंप वॉक, व्यक्तित्व और स्टेज प्रजेंस को



परखा जाएगा ताकि क्षेत्र की उभरती प्रतिभाओं को एक पेशेवर मंच मिल सके। मेवाड़ अंचल विशेषकर भीलवाड़ा, उदयपुर, राजसमंद, चित्तौड़गढ़ और प्रतापगढ़ की महिलाओं और युवतियों में इस आयोजन को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक सम्पादक मुद्रक कैलाश त्रिवेदी द्वारा लोकजीवन मीडिया एण्ड पब्लिशर्स, नागौरी गार्डन भीलवाड़ा से मुद्रित एवं 207-214 नागौरी गार्डन, लोकजीवन कॉम्प्लेक्स, भीलवाड़ा से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भीलवाड़ा ही होगा। आर.एन.आई. नं. 27201/76 पोस्टल रजि. नं. भीलवाड़ा/103/2024-2026, (मो.) 83067-92625 फोन नं. 355985, जयपुर कार्यालय : D-38, प्रधान पथ, चौमू हाउस, सी स्कीम, जयपुर फोन : 0141-4038281, E-mail : lokjeewan@gmail.com

आज का विचार

जब एक की ताकत पूरी नहीं होती तभी साथी सहयोगी की जरूरत होती है लेकिन सहयोगी दो न ही आपस में एक होकर ही सफलता छू सकते है।

शिवकुमार त्रिवेदी चिंतन सरिता

दैनिक
लोकजीवन

भाजपा-अकाली फिर साथ ...

राजनीति में सहयोगी दल को कम करके नहीं आंका जा सकता और न ही सहयोगी को यह अहसास होने लगे कि उसकी कृपा से ही जीत मिल रही है। लोकतंत्र में वोट और जीत का मतलब होता है। अलग-अलग रहकर विपक्षी का मुकाबला करना तो दूर खुद के अस्तित्व को ही संकट में डालने जैसो लगता है। क्योंकि मिलकर चुनाव लड़ने से एक दूसरे को न केवल सहयोग मिलता है बल्कि जनता में उनके गठबंधन पर विश्वास बढ़ता है तभी तो गठबंधन के तहत न केवल बड़े दल अपितु छोटे दलों को भी अपेक्षा से अधिक लाभ मिलता है वे ही यदि अलग-अलग लड़े तो किसी को भी सफलता नहीं मिलती और अलग-अलग लड़ने के बाद पता चलता है कि जनता हमारा किस दल के साथ गठबंधन चाहती है। 2027 में होने वाले विधानसभा चुनावों की तैयारियों को पार्टियां अभी सेन केवल अंतिम रूप दे रही है बल्कि उम्मीदवारों के नामों की घोषणा भी की जाने लगी है। उ.प्र. में कांग्रेस ने पिछला विधानसभा चुनाव अलग लड़ कर देख लिया। जब कांग्रेस महज दो सीटें जीतने में सफल रही। इस बार कांग्रेस सपा के बीच गठबंधन तय हो गया है। कांग्रेस सपा की सहयोगी दल है और सपा कितनी सीटें देने पर सहमत हो, उसे स्वीकारना पड़ेगा। सपा की ओर से कांग्रेस को 26 सीटों का ऑफर दिया गया है। इनमें 2 सीटें 2022 में कांग्रेस ने जीती थी, 4 पर दूसरे स्थान पर रही और 20 पर कांग्रेस को दो हजार तक वोट मिले थे।

इधर पंजाब में पुराने साथी भाजपा और शिरोमणी अकाली दल 6 साल बाद फिर साथ आ गये है। यहां शहरी क्षेत्रों में हिन्दू वोटों पर भाजपा की पकड़ है। वहीं ग्रामीण और सिख वोओं पर अकाली दल की। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ओर शिरोमणी अकाली दल अध्यक्ष सुखवीर सिंह बादल की उपस्थिति में मंगलवार को गठबंधन की घोषणा हुई। पंजाब में सीएम का चेहरा बड़े भाई अकाली दल का होगा। तीन कृषि कानूनों के विरोध में शिअद ने 2020 में एनडीए से 24 साल पुराना नाता तोड़ लिया था। बाद में ये कानून वापस ले लिए गये। भाजपा अकाली दल 1997, 2007, 2012 में जीत कर 15 साल सत्तारूढ रहे। इसके बाद 2022 के विधानसभा व 2024 के लोकसभा चुनावों प्रदर्शन कमजोर रहा। अब अकाली दल राजग का हिस्सा और पंजाब की 117 सीटों पर मिलकर चुनाव लड़ेगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि अकाली दल के साथ आने से एनडीए पूरा होता है। पंजाब और पंजाबियों का कल्याण सबसे ऊपर है। आज आवश्यकता इस बात की है कि अलगाव को भूल कर भाजपा अकाली पूर्व की भांति एकजुटता से चुनाव मैदान में उतरे ताकि अपेक्षित सफलता मिल सके।

कड़वी घूंट -सूरज

जब सिपाही ही पीछा करें ...

महिलाओं और युवतियों को हर जगह असुरक्षा व छेड़छाड़ का सामना करना पड़ता है। घर व बाहर कहीं भी निकले मनचलों की छींटाकशी व अभद्र टिप्पणियां तो कहीं भी सुनने को मिल जाती है तो कुछेक क्षेत्र अधिक असुरक्षित होते है जहां से गुजरना भी युद्ध जीत लेने जैसा होता है। जहां बचाव और सुरक्षा की कोई संभावना नहीं रहती।

विपरित इसके मनचलों की हरकतों से आहत और पीड़िताओं को सुरक्षा के इंजाम किए हुए है। अभय कमांड और महिला कांस्टेबलों द्वारा ऐसे मनचलों को सबक सिखाया जाता है अथात् महिलाओं को पुलिस विभाग से सुरक्षा व संरक्षण की आशा रहती है लेकिन सिपाही ही पीछा करने लग जाय तो कौन बचाये।

हां जयपुर में एक युवती ने पुलिस सिपाही पर छेड़छाड अश्लील इशारे करना और पीछा करने जैसे गंभीर आरोप लगाये है। उसने सवाल उठाया कि जब पुलिस ही ऐसा करेगी तो हम किससे शिकायत करें। इधर डीएसपी का कहना है कि शिकायत दर्ज कर ली। सीसीटीवी खंगाले जा रहे है। अब यह आप जानो कि ऐसी हरकते करने वाला तो कोई भी क्यों न हो। उसके विरूद्ध सख्त कार्यवाही होनी चाहिए पुलिस भी हो तो क्या।

भक्ति हमेशा भाव से होती हैं - संत दिग्विजयराम महाराज

लोकजीवन न्यूज सर्विस, शाहपुरा





राम का नाम ही वैकुण्ठ का टिकट है। संसार से रिर्टन टिकट सबका कंफर्म है। कब, कहां और किस समय जाना है, यह सिर्फ भगवान ही जानते हैं। भक्ति केवल भाव से होती है और भाव ही भगवान है। यह भाव ही था कि प्रभु ने विदुर के घर केले के छिलके तक खा लिए और दुर्योधन के मेवों का त्याग कर दिया। भक्ति बिना कारण और बिना स्वार्थ होनी चाहिए। विजयवर्गीय परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दृतीय दिवस को व्यास पीठ से संत दिग्विजय राम महाराज ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि संसार की भौतिक वस्तुएं बहुत ही तुच्छ हैं। भगवान से कुछ भी मांगना नहीं चाहिए। क्यों की प्रभु को सब पता है कि आपको क्या चाहिए। भगवान से मांगना ही है तो जन्म-मरण के फेर से मुक्ति मांगनी चाहिए। संसार रूपी मझधार से पार होने की प्रार्थना करनी चाहिए। भागवत आश्रय ही परमात्मा के धाम का श्रेष्ठ मार्ग है। भक्ति के मार्ग में बहुत कष्ट आते हैं। भक्ति मार्ग पर चलने से माता सीता, पाण्डव, नरसीं भगत को कई परीक्षाओं के दौर से गुजरना पड़ा। जो प्राप्त है, वह पर्याप्त है का भाव जीवन में आ जाए तो जीवन आनन्दमय हो जाता है। भक्ति खण्डित नहीं होनी चाहिए। भक्ति का मंगलाचरण कथा, संत सेवा और प्रमुख तीर्थ स्थलों के दर्शन के साथ होना चाहिए। भगवान के अवतार लेने का प्रयोजन भक्तों की रक्षा कर धर्म की स्थापना करना और दुष्टों का संहार करना है। सत्संग और संतों की ओर से दिया गया प्रसाद जीवन को आनन्द से भर देता है। जैसी मति होती है, वैसी ही गति होती है। संत दिग्विजय राम महाराज ने कहा कि भागवत पुराण में कहा गया है कि अभिमन्यु पुत्र राजा परीक्षित ने कलयुग को पांच स्थानों पर निवास करने की अनुमति दी थी, इनमें सट्टा स्थल, शराब, वासना, कसाई खाना और स्वर्ण शामिल है। आखेट पर जाते समय गलती से राजा1 कि कलयुग में जबान का नहीं, कागज का महत्व है। तीर्थ भूमि पर प्रकृति विरूद्ध कार्य होने से ही प्रकृति अपना ताण्डव दिखाती है।

आध्यात्मिक समर्पण का पवित्र बंधन है श्री सीताराम विवाह धर्म - मुरलीधर महाराज

लोकजीवन न्यूज सर्विस, बिजयनगर



श्री सीताराम विवाह धर्म, संस्कार, उत्तर दायित्व और, आध्यात्मिक समर्पण का पवित्र बंधन मानने की प्रेरणा देता है यह उद्गार प्रसिद्ध संत मुरलीधर जी महाराज ने नौ दिवसीय श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ में व्यास पीठ से रामचरितमानस का वाचन करते हुए किए। संत मुरलीधर जी महाराज ने कहा कि भगवान श्री राम का शिव धनुष भंग करना, जनक की प्रतिज्ञा पूरी होना। यह प्रसंग संसार में यश , धर्म और पवित्र संबंधों की अनुपम कीर्ति स्थापित करने वाला है। भगवान परशुराम लक्ष्मण संवाद में भगवान श्री राम का विनम्र और मर्यादित व्यवहार सहजता, शालीनता और विनम्रता का संदेश देता है। संकटमोचक हनुमान मंदिर नाड़ी मोहल्ला व सर्व समाज के तत्वावधान में नौ दिवसीय श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ के छठे दिन इंदिरा मंच प्रांगण में विशाल पांडाल में संत मुरलीधर जी महाराज के मुखारविंद से संगीतमय भजनों की स्वरलहरियां पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने नृत्य करते हुए धार्मिक लाभ उठाया। इस दौरान पुजारी लक्ष्मण दास जी महाराज, विजय सिंह रासलोत, धीरजसिंह चौहान, अध्यक्ष रमेश चंद्र माली, राजेश तिवाड़ी, मुकेश तायल सहित अन्य भारी तादाद में धर्मावलंबी भी उपस्थित थे।

गौ सेवार्थ आयोजित नानी बाई का मायरा पोस्टर का विमोचन

लोकजीवन न्यूज सर्विस, बिजयगनर



शाहपुरा के निकट स्थित ग्राम बिशनिया में आयोजित गौ सेवार्थ नानी बाई का मायरा कथा पोस्टर का विमोचन करते हुए गौ भक्तो ने कथा का धार्मिक लाभ उठाने का अनुरोध किया है। सुभाष नगर में आयोजित कार्यक्रम में गौ भक्त सेविका अनूसूइया शर्मा ने बताया कि श्री गणेश उद्भव गोपाल गौशाला बिशनिया भीलवाड़ा में 11 से 15 जनवरी तक विशाल धार्मिक कार्यक्रम चितौड़गढ़ के प्रशासनिक संत राकेश पुरोहित व्यास पीठ से संगीतमय नानी बाई का मायरा कथा का वाचन करेंगे। गौ सेवार्थ आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में क्षेत्र व आसपास के धर्मावलंबी लाभ उठाएं। पोस्टर विमोचन के दौरान अमित शर्मा, राजेश तिवारी, संदीप शर्मा, सीमा शर्मा सहित अन्य गौ भक्त भी उपस्थित थे।

सरदार नगर में निकली तुलसी-सालिगरामजी की बारात

लोकजीवन न्यूज सर्विस, शाहपुरा



सरदार नगर में विवाहोत्सव के अवसर पर तुलसी महारानी और भगवान श्री सालिगरामजी का विवाह समारोह बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। धार्मिक आयोजन में भक्ति और उत्सव का अनूठा संगम देखने को मिला। सरदार नगर से भगवान श्री सालिगरामजी (चारभुजा नाथ) की बारात तुलसी विवाह के लिए निकाली गई। भगवान सालिगरामजी रथनुमा आकर्षक बग्गी में विराजमान होकर बारात में शामिल हुए। दोनों बारातें बैंड-बाजों की मधुर धुनों और ढोल-नगाड़ों के साथ गाजे-बाजे बजाते, गाते और नाचते-कूदते पूरे उत्साह एवं उमंग के साथ गांव के मुख्य मार्गों से होकर निकलीं। इस दौरान युवाओं और ग्रामीणों ने जमकर नृत्य किया। इसके पश्चात तुलसी महारानी एवं भगवान श्री सालिगरामजी का विवाह वैदिक मंत्रोच्चार और पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न करवाया गया। बारात में ग्रामवासी मदन कुमावत, सम्पत माली, पुरुषोत्तम जोशी,बद्री जाट, लादु तेली, शिवचरण जोशी, उदयलाल तेली महेंद्र जाट ,भंवर सेन , गजानंद कुमावत,रामकरण तेली ग्रामीणजन शामिल हुए।

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में मनाया संविधान दिवस



लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में गुरूवार को संविधान दिवस के अवसर पर विभिन्न शैक्षणिक एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय संविधान के शिल्पकार भारत र% डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया। साथ ही संविधान में वर्णित मौलिक अधिकारों एवं मूल कर्तव्यों की जानकारी प्रदान की गई। विद्यार्थियों ने संविधान की प्रस्तावना, मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों पर आधारित पोस्टर एवं चित्रों का निर्माण कर अपनी रचनात्मक अभिव्यक्ति प्रस्तुत की। प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र सिंह ने विद्यार्थियों को संविधान के आदर्शों एवं लोकतांत्रिक मूल्यों का पालन करने तथा एक जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान अशोक कुमार मीना, नवरतन कुमावत, राधाकृष्ण खटीक एवं प्रकाश गाडरी सहित गणमान्यजन मौजूद रहे।

डूंगरी बालाजी मंदिर की अधूरी सड़क पूरी कराने की मांग, ट्रस्ट ने महापौर को सौंपा ज्ञापन



लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

पुर स्थित प्रसिद्ध डूंगरी बालाजी मंदिर तक श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन के लिए दो वर्षों से अधूरी पड़ी सड़क का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराने की मांग जोर पकड़ने लगी है। इसी क्रम में डूंगरी बालाजी मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने नगर निगम महापौर जसवंत कंवर एवं उपमहापौर राधेश्याम सोमानी को एक ज्ञापन सौंपकर जनहित में इस कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण करवाने का आग्रह किया है। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने बताया कि इस समस्या के समाधान हेतु दो वर्ष पूर्व तत्कालीन नगर परिषद सभापति राकेश पाठक को भी ज्ञापन दिया गया था। इसके पश्चात सांसद दामोदर अग्रवाल एवं विधायक अशोक कोठारी के संज्ञान में मामला लाने पर उनके प्रयासों से सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ तो हुआ, लेकिन कतिपय कारणों से यह कार्य बीच में ही रुक गया और पिछले दो साल से सड़क अधूरी पड़ी है। सुरेश सेन ने बताया कि वर्तमान में मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को 100 से अधिक सीढ़िया चढ़नी पड़ती हैं। इससे विशेषकर बुजुर्ग एवं दिव्यांग श्रद्धालुओं को अत्यधिक कठिनाई होती है। इसके अतिरिक्त, मंदिर में होने वाले धार्मिक आयोजनों एवं प्रतिदिन के पूजा-पाठ के लिए आवश्यक सामग्री ऊपर ले जाने और नीचे लाने में भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस दौरान मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष मुकेश पलौड़, संरक्षक पंडित अशोक कुमार व्यास, श्रवण कुमार सेन, छोटूलाल सेन, पिंटू पलौड़, आलोक पलौड़ एवं गणेश मंडल अध्यक्ष मुकेश सोनी सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

पूर्व सैनिक त्रिपाठी का निधन

लोकजीवन न्यूज सर्विस, शाहपुरा



पूर्व सैनिक सत्यदेव त्रिपाठी का 86 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। त्रिपाठी ग्राम आमली कला के निवासी थे। त्रिपाठी ने भारतीय सेना में रहते हुए देश के विभिन्न क्षेत्रों में अपने कार्यकाल के दौरान देश की सुरक्षा के लिए विभिन्न दुर्गम और महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अपनी सेवाएं प्रदान कीं थी। 86 वर्ष की आयु में उनके निधन पर उनके पैतृक गांव और आस-पास के क्षेत्रों में शोक की लहर है, और लोग उन्हें सम्मानजनक विदाई देकर सच्चे राष्ट्रभक्त के रूप में याद कर रहे हैं।

कार्यालय नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

क्रमांक:- तकनीकी/2026-27/2949 - 58 दिनांक :- 19/11/2026

ऑनलाईन निविदा सूचना संख्या 26/2026-27

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्नलिखित कार्यो के लिए नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा में उपयुक्त श्रेणी में, विभिन्न विभागो में ए एवं एए श्रेणी (सिविल कार्यों) एवं विद्युत कार्यो हेतु नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा में उपयुक्त श्रेणी में एवं विभिन्न विभागों में ई.डब्ल्यू.एस.डी.-I कैटेगरी में पंजीबद्ध संवेदको/ सप्लायर्स से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रकिया से वेब साईट https://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन निविदाए आमंत्रित की जाती हैं।

पार्ट	निविदा की क्र.सं.	ऑनलाईन निविदा विक्रय/डाउनलोड/प्राप्ति तिथि	ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि
A	01 से 08	21.11.2026 से 02.12.2026 प्रातः 9.30 से दोपहर 1.00 बजे तक। UBN: UTB2627WSOB00162 - 00169	03.12.2026 को दोपहर 01:00 बजे

नोट :- निविदा सूचना से सम्बन्धित समस्त विवरण http://sppp.rajasthan.gov.in व https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है जो कि आज दिनांक को अपलोड कर दिया गया है। संवेदक द्वारा न्यास कार्यालय में निविदा विक्रय तिथि में किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक निविदा प्रपत्र को देखा जा सकता है।

अधिशाषी अभियंता
नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

रा.ज.संवाद/ली/26/13627

कार्यालय नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

क्रमांकः नियमन / FY26-27/MUT/5370

आम सूचना

एतद द्वारा श्री मथुरा लाल पुत्र श्री गणेश राम सुथार राजस्व ग्राम भीलवाड़ा की आराजी 1033 गैर योजना में कृषि भूखण्ड संख्या-बी-203 की साईज 25+30/2X45+50/2=145.66 वर्गगज का नियमन नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा द्वारा किया गया।

उक्त भूखण्ड श्री मनीष अग्रवाल पुत्र श्री ललित अग्रवाल को मुख्तीयार नामा किया एवं इनके द्वारा उप विभाजन कर श्री रमेश चन्द्र मून्दडा पुत्र बरदी चन्द मून्दडा को भूखण्ड संख्या-बी-203 साईज 15X50=83.33 वर्गगज का विक्रय किया एवं इनके द्वारा श्री ऋतुराज बामड्या पुत्र श्री हरप्रसाद शर्मा को विक्रय किया एवं इनके द्वारा श्रीमती अर्चना जोशी पत्नी श्री दीपक कुमार पारीक को विक्रय किया गया।

श्रीमती अर्चना जोशी पत्नी श्री दीपक कुमार पारीक द्वारा उक्त भूखण्ड के नामान्तरण हेतु न्यास में ऑन लाईन आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत् यदि किसी भी व्यक्ति या संबंधित को कोई उजर / एतराज /आपत्ति हो तो विज्ञापन दिनांक से सात दिवस में अपनी आपत्ति मय सबूत/ दस्तावेज प्रस्तुत करें। बाद गुजरने मियाद यदि किसी व्यक्ति या संबंधित द्वारा कोई आपत्ति प्रस्तुत की जाती है तो स्वीकार नहीं की जावेगी तथा भूखण्ड का नामान्तरण आवेदक के पक्ष में निर्विवाद मानते हुए कर दिया जावेगा तथा न्यास बाद में होने वाले किसी भी विवाद के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

प्रभारी अधिकारी
नगर विकास न्यास भीलवाड़ा

दिनदहाड़े मकान में चोरी, सवा किलो चांदी और सोना लेकर चोर फरार

शाहपुरा। तहसील क्षेत्र के माताजी का खेड़ा ग्राम में चोरों के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं। रामेश्वर बेरवा के मकान में दिनदहाड़े चोरी की वारदात सामने आई है। जानकारी के अनुसार आज सुबह करीब 11 बजे अज्ञात चोर मकान में घुसे और सवा किलो चांदी तथा करीब 5 ग्राम सोना चोरी कर फरार हो गए।घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर गोपाल प्रजापत मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालकर चोरों की तलाश शुरू की, लेकिन फिलहाल आरोपियों का कोई सुराग नहीं लग पाया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना के आसपास तीन संदिग्ध व्यक्ति इलाके में घूमते हुए दिखाई दिए थे। दिनदहाड़े हुई चोरी की इस वारदात से क्षेत्रवासियों में चिंता का माहौल है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर चोरों की तलाश में जुटी है।

भारतीय स्टेट बैंक State Bank of India

शाखा:-थामणीया (09506), जिला-भीलवाड़ा
ई-मेल : sbi.09506@sbi.co.in

परिशिष्ट-IV [नियम 8(1)], कब्जे संबंधी सूचना (अचल संपत्ति हेतु)

यतः (Whereas) वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन एवं प्रतिभूति- हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत एव धारा 13(12) सपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए , भारतीय स्टेट बैंक के प्राधिकृत अधिकारी ने डिमाण्ड नोटिस दिनांक 17.08.2026 को जारी किया,जिसमें ऋणी श्री ब्रह्मप्रकाश गुर्जर पुत्र श्री रामलाल गुर्जर को नोटिस में उल्लेखित राशि रूपये 7,70,710/- (रुपये सात लाख सत्तर हजार सात सौ दस मात्र) 16.08.2026 तक +17.08.2026 से अनुबंध की दर से आगे के ब्याज, लागतों,शुल्कों एवं खर्चों सहित भुगतान होने की तिथी तक इस नोटिस की पावती की दिनांक से 60 दिनों के भीतर करने के लिये कहा गया था।

ऋणी द्वारा राशि का पुर्नभुगतान करने में असफल होने पर एतद्द्वारा ऋणी/जमानतदार को तथा आम जनता को सामान्य रूप से सूचित किया जाता है कि प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 की धारा 13 (4) के सपठित नियम 8 के अर्न्तगत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एतत द्वारा अधोहस्ताक्षरी ने नीचे उल्लेख की गई सम्पत्ति का कब्जा आज दिनांक 20.11.2026 को प्राप्त कर लिया है

ऋणी/ जमानतदार को विशेष रूप से तथा जनसामान्य को सामान्य रूप से सावधान किया जाता है कि इस सम्पत्ति बाबत् कोई संव्यवहार नहीं करे और इस सम्पत्ति बाबत् किया गया कोई भी संव्यवहार भारतीय स्टेट बैंक की बकाया राशि रूपये 7,91,070/- (अक्षरे सात लाख इक्रानवे हजार सत्तर रुपये मात्र) दिनांक 18.11.2026तक एवं दिनांक 19.11.2026 से भविष्य के ब्याज, लागतों,शुल्कों एवं खर्चों सहित भुगतान होने तक की राशि के अध्यधीन होगा।

उधारकर्ता का ध्यान प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के सन्दर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।

अचल संपत्ति का विवरण

बंधक आवासीय संपत्ति भूमि के सभी अंग व अंश जिसमे आवासीय जो पट्ठा संख्या 09, संकल्प संख्या 02 दिनांक 15.05.2017, मिसल संख्या 123, ग्राम-लाडी जी का खेड़ा, पोस्ट-मनोहरपुरा, तहसील-जहाजपुर, जिला-भीलवाड़ा (311605) पर स्थित जो श्री ब्रह्मप्रकाश गुर्जर पुत्र श्री रामलाल गुर्जर के नाम से है। क्षेत्रफल:19x92=1748 वर्गफुट
चतुर्सीमाः - पूर्वः श्री चासीराम का मकान पश्चिमः श्री भोलूराम चमार का मकान
उत्तरः आम रास्ता
दक्षिणः श्री रंगलाल का मकान

दिनांक : 20.11.2026 स्थान :ग्राम-लाडी जी का खेड़ा, पोस्ट-मनोहरपुरा, तहसील-जहाजपुर, जिला-भीलवाड़ा (311605)
प्राधिकृत अधिकारी (भारतीय स्टेट बैंक)

भारतीय स्टेट बैंक State Bank of India

शाखा:-थामणीया (09506), जिला-भीलवाड़ा
ई-मेल : sbi.09506@sbi.co.in

परिशिष्ट-IV [नियम 8(1)], कब्जे संबंधी सूचना (अचल संपत्ति हेतु)

यतः (Whereas) वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन एवं प्रतिभूति- हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत एव धारा 13(12) सपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए , भारतीय स्टेट बैंक के प्राधिकृत अधिकारी ने डिमाण्ड नोटिस दिनांक 17.08.2026 को जारी किया,जिसमें ऋणी श्री लादूलाल जाट पुत्र श्री सुखा जाट को नोटिस में उल्लेखित राशि रूपये 7,24,340/- (रुपये सात लाख चौबीस हजार तीन सौ चालीस मात्र) 10.08.2026 तक +11.08.2026 से अनुबंध की दर से आगे के ब्याज, लागतों,शुल्कों एवं खर्चों सहित भुगतान होने की तिथी तक इस नोटिस की पावती की दिनांक से 60 दिनों के भीतर करने के लिये कहा गया था।

ऋणी द्वारा राशि का पुर्नभुगतान करने में असफल होने पर एतद्द्वारा ऋणी/जमानतदार को तथा आम जनता को सामान्य रूप से सूचित किया जाता है कि प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 की धारा 13 (4) के सपठित नियम 8 के अर्न्तगत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एतत द्वारा अधोहस्ताक्षरी ने नीचे उल्लेख की गई सम्पत्ति का कब्जा आज दिनांक 20.11.2026 को प्राप्त कर लिया है

ऋणी/ जमानतदार को विशेष रूप से तथा जनसामान्य को सामान्य रूप से सावधान किया जाता है कि इस सम्पत्ति बाबत् कोई संव्यवहार नहीं करे और इस सम्पत्ति बाबत् किया गया कोई भी संव्यवहार भारतीय स्टेट बैंक की बकाया राशि रूपये 7,50,673/- (अक्षरे सात लाख पचास हजार छः सौ तिहत्तर रुपये मात्र) दिनांक 18.11.2026तक एवं दिनांक 19.11.2026 से भविष्य के ब्याज, लागतों,शुल्कों एवं खर्चों सहित भुगतान होने तक की राशि के अध्यधीन होगा। उधारकर्ता का ध्यान प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के सन्दर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।

अचल संपत्ति का विवरण

बंधक आवासीय संपत्ति भूमि के सभी अंग व अंश जिसमे आवासीय जो पट्ठा संख्या 12, संकल्प संख्या 01 दिनांक 25.03.2021, ग्राम-रलायता, पोस्ट-मानपुरा, तहसील-माण्डलगढ़, जिला-भीलवाड़ा (311605) पर स्थित जो श्री लादूलाल जाट पुत्र श्री सुखा जाट के नाम से है। क्षेत्रफल:24x71=1704 वर्गफुट
चतुर्सीमाः - पूर्वः श्री खाना पुत्र श्री छगना जाट पश्चिमः आम रास्ता
उत्तरः श्री मांगीलाल पुत्र श्री सुखा जाट दक्षिणः सड़क

दिनांक : 20.11.2026 स्थान :ग्राम-रलायता, पोस्ट-मानपुरा, तहसील-माण्डलगढ़, जिला-भीलवाड़ा (311605)
प्राधिकृत अधिकारी (भारतीय स्टेट बैंक)

भारतीय स्टेट बैंक State Bank of India

शाखा:-थामणीया (09506), जिला-भीलवाड़ा
ई-मेल : sbi.09506@sbi.co.in

परिशिष्ट-IV [नियम 8(1)], कब्जे संबंधी सूचना (अचल संपत्ति हेतु)

यतः (Whereas) वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन एवं प्रतिभूति- हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत एव धारा 13(12) सपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए , भारतीय स्टेट बैंक के प्राधिकृत अधिकारी ने डिमाण्ड नोटिस दिनांक 17.08.2026 को जारी किया,जिसमें ऋणी श्री मोहनलाल निमोला पुत्र श्री देवालाल निमोला को नोटिस में उल्लेखित राशि रूपये 5,76,358/- (रुपये पाँच लाख छिहत्तर हजार तीन सौ अड़सठ मात्र मात्र) 16.08.2026 तक +17.08.2026 से अनुबंध की दर से आगे के ब्याज, लागतों,शुल्कों एवं खर्चों सहित भुगतान होने की तिथी तक इस नोटिस की पावती की दिनांक से 60 दिनों के भीतर करने के लिये कहा गया था।

ऋणी द्वारा राशि का पुर्नभुगतान करने में असफल होने पर एतद्द्वारा ऋणी/जमानतदार को तथा आम जनता को सामान्य रूप से सूचित किया जाता है कि प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 की धारा 13 (4) के सपठित नियम 8 के अर्न्तगत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एतत द्वारा अधोहस्ताक्षरी ने नीचे उल्लेख की गई सम्पत्ति का कब्जा आज दिनांक 20.11.2026 को प्राप्त कर लिया है

ऋणी/ जमानतदार को विशेष रूप से तथा जनसामान्य को सामान्य रूप से सावधान किया जाता है कि इस सम्पत्ति बाबत् कोई संव्यवहार नहीं करे और इस सम्पत्ति बाबत् किया गया कोई भी संव्यवहार भारतीय स्टेट बैंक की बकाया राशि रूपये 5,91,632/- (अक्षरे पाच लाख इक्रानवे हजार छः सौ बत्तीस रुपये मात्र) दिनांक 18.11.2026तक एवं दिनांक 19.11.2026 से भविष्य के ब्याज, लागतों,शुल्कों एवं खर्चों सहित भुगतान होने तक की राशि के अध्यधीन होगा।

उधारकर्ता का ध्यान प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के सन्दर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।

अचल संपत्ति का विवरण

बंधक आवासीय संपत्ति भूमि के सभी अंग व अंश जिसमे आवासीय जो पट्ठा संख्या 07, संकल्प संख्या 01 दिनांक 25.03.2021, ग्राम-रलायता, पोस्ट-मानपुरा, तहसील-माण्डलगढ़, जिला-भीलवाड़ा (311605) पर स्थित जो श्री कालूलाल तेली पुत्र श्री रूपा तेली के नाम से है। क्षेत्रफल:26x50=1300 वर्गफुट
चतुर्सीमाः - पूर्वः श्री शंकर हीर पश्चिमः आम रास्ता
उत्तरः श्री भवानी शंकर पुत्र श्री प्रभु तेली दक्षिणः श्री चनश्याम शर्मा

दिनांक : 20.11.2026 स्थान :ग्राम-रलायता, पोस्ट-मानपुरा, तहसील-माण्डलगढ़, जिला-भीलवाड़ा (311605)
प्राधिकृत अधिकारी (भारतीय स्टेट बैंक)

भारतीय स्टेट बैंक State Bank of India

शाखा:-थामणीया (09506), जिला-भीलवाड़ा
ई-मेल : sbi.09506@sbi.co.in

परिशिष्ट-IV [नियम 8(1)], कब्जे संबंधी सूचना (अचल संपत्ति हेतु)

यतः (Whereas) वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन एवं प्रतिभूति- हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत एव धारा 13(12) सपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए , भारतीय स्टेट बैंक के प्राधिकृत अधिकारी ने डिमाण्ड नोटिस दिनांक 17.08.2026 को जारी किया,जिसमें ऋणी श्री मोहनलाल निमोला पुत्र श्री देवालाल निमोला को नोटिस में उल्लेखित राशि रूपये 10,57,626/- (रुपये दस लाख सत्तावन हजार छह सौ छब्बीस मात्र) 10.08.2026 तक +11.08.2026 से अनुबंध की दर से आगे के ब्याज, लागतों,शुल्कों एवं खर्चों सहित भुगतान होने की तिथी तक इस नोटिस की पावती की दिनांक से 60 दिनों के भीतर करने के लिये कहा गया था।

ऋणी द्वारा राशि का पुर्नभुगतान करने में असफल होने पर एतद्द्वारा ऋणी/जमानतदार को तथा आम जनता को सामान्य रूप से सूचित किया जाता है कि प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 की धारा 13 (4) के सपठित नियम 8 के अर्न्तगत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एतत द्वारा अधोहस्ताक्षरी ने नीचे उ

अमृत 2.0 योजना से पेयजल व्यवस्था में होगा व्यापक सुधार

9.26 करोड़ के विकास कार्य अंतिम चरण में, अवैध जल कनेक्शनों को नियमित कर हुई 9 लाख राजस्व आय

✍ भगवत सिंह टाक

लोकजीवन न्यूज सर्विस, जहाजपुर



भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार की महत्वाकांक्षी अमृत 2.0 योजना के माध्यम से जहाजपुर शहरी क्षेत्र की पेयजल व्यवस्था को आधुनिक एवं सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। लगभग 9.26 करोड़ की लागत से पाइपलाइन विस्तार एवं प्रतिस्थापन, पानी की टंकियों तथा पंप हाउस निर्माण सहित विभिन्न विकास कार्य तेजी से प्रगति पर हैं। योजना के अधिकांश कार्य पूर्ण होने की ओर अग्रसर हैं तथा शेष कार्य भी प्रगतिरत हैं। शहर के संतोष नगर, हरिओम नगर, ट्रांसपोर्ट नगर, चावंडिया, ज्योति कॉलोनी, माली की वाली एवं बाईपास क्षेत्र में लंबे समय से बनी पेयजल समस्या के समाधान के लिए योजना के तहत पुरानी पाइपलाइनों को बदलकर नई पाइपलाइन बिछाई गई है तथा बेहतर जल वितरण के लिए नए जलापूर्ति जोन विकसित किए गए हैं। वर्तमान में इन क्षेत्रों में 48 घंटे के अंतराल पर शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। वहीं नवनिर्मित पानी की टंकी से हरिओम नगर, ट्रांसपोर्ट नगर, चावंडिया, ज्योति कॉलोनी एवं बिंदी गेट क्षेत्र के ऊंचाई वाले स्थानों तक पर्याप्त दबाव के साथ पेयजल पहुंचाया जा रहा है। इससे पूर्व में कम दबाव एवं अनियमित जलापूर्ति की समस्या से जूझ रहे क्षेत्रवासियों को राहत मिल रही है।

योजना के क्रियान्वयन के साथ विभाग द्वारा पेयजल व्यवस्था को व्यवस्थित करने के साथ राजस्व संग्रहण पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। इसके तहत शहर में अवैध जल कनेक्शनों को नियमित कर लगभग 9 लाख का राजस्व राज्य सरकार को प्राप्त करवाया गया है। इसके अतिरिक्त लंबे समय से बकाया जल शुल्क की वसूली के माध्यम से 6 लाख से अधिक की राशि भी जमा करवाई गई है। इस प्रकार योजना के अंतर्गत आधारभूत सुविधाओं के विकास के साथ जल कनेक्शनों का नियमितीकरण एवं राजस्व संग्रहण में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। योजना को धरातल पर प्रभावी रूप से क्रियान्वित करने में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। सहायक अभियंता सुनील बंजारा के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में कनिष्ठ अभियंता पूजा मीणा एवं कर्मचारी कालूराम मीणा द्वारा तकनीकी कार्यों की निरंतर मॉनिटरिंग, पाइपलाइन विस्तार, जल वितरण व्यवस्था में सुधार तथा राजस्व वसूली के कार्यों में पूर्ण सहयोग दिया जा रहा है।



भारत एवं राजस्थान सरकार के वित्तीय सहयोग, दूरदर्शी योजना एवं विभागीय अधिकारियों तथा कर्मचारियों के समन्वित प्रयासों से जहाजपुर शहर में पेयजल सुविधाओं का विस्तार धरातल पर दिखाई देने लगा है। अमृत 2.0 योजना के माध्यम से न केवल लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्याओं का समाधान किया जा रहा है, बल्कि शहर की भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए मजबूत एवं आधुनिक जल वितरण प्रणाली भी विकसित की जा रही है। विभाग द्वारा शेष कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। योजना पूर्ण होने पर शहर के संबंधित क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था और अधिक सुचारू एवं सुदृढ़ होगी तथा आमजन को केंद्र एवं राज्य सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का व्यापक लाभ मिलेगा।

होटल व्यवसायी से 90 हजार की साइबर ठगी शोपीस बने पालिका के कैमरे, सुरक्षा पर सवाल

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

हमीरगढ़ में भरोसे का फायदा उठाकर साइबर ठगी की वारदात सामने आई है, जिसमें एक युवक क्यूआरकोड और कंपनी स्कीम का झांसा देकर होटल व्यवसायी के खाते से 90 हजार रुपए उड़ा ले गया।

वहीं घटना के बाद जब फुटेज खंगाले गए तो नगर पालिका के लाखों रुपए के सीसीटीवी कैमरों में स्टोरेज और अपडेट न होने की पोल खुल गई, जिससे कस्बे की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। व्यवसायी के अनुसार, करीब 25 से 30 वर्ष का एक युवक फॉर्मल ड्रेस और बैग लेकर बाइक से होटल पहुंचा। उसने क्त्र कोड लगाने और एक रुपए तक बिल आने वाली स्कीम के बारे में बताया, जिस पर व्यवसायी ने पहले इनकार कर दिया। इसी दौरान एक बुजुर्ग महिला भीख मांगने आई तो युवक ने उसके सामने ही महिला को 50 रुपए दे दिए। इस व्यवहार से व्यवसायी का भरोसा उस पर जम गया और उसने अपना मोबाइल युवक को दे दिया। आरोप है कि युवक ने 15-20 मिनट में मोबाइल से अहम जानकारी जुटाकर अपने साथियों तक पहुंचाई और फरार हो गया। बाद में सामने आया कि युवक की बाइक और मोबाइल नंबर भी फर्जी थे। उसके जाते ही व्यवसायी के मोबाइल पर तीन ट्रांजेक्शन के मैसेज आए–जिनमें पहले 30 हजार, फिर 50 हजार और तीसरी बार 10 हजार रुपए निकाल लिए गए।

व्यवसायी ने तुरंत बैंक जाकर खाता होल्ड कराया और 1930 साइबर हेल्पलाइन पर कॉल किया, लेकिन वहां से कोई जवाब न मिलने की बात कही गई। इसके बाद हमीरगढ़ थाने में कांस्टेबल राहुल की मदद से साइबर सेल में शिकायत दर्ज करवाई गई। दूसरी ओर, संदिग्ध युवक की तलाश में आसपास के निजी मकानों और दुकानों के कैमरे खंगाले गए, जिनमें उसकी आवाजाही की फुटेज मिली। लेकिन नगर पालिका द्वारा लाखों रुपए खर्च कर मुख्य मार्गों पर लगाए गए कैमरों में रिकॉर्डिंग के लिए स्टोरेज ही नहीं मिला और न ही उनमें तारीख व समय अपडेट थे, जिससे मुख्य मार्गों की रिकॉर्डिंग नहीं मिल सकी। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी थाने से महज 100 से 200 मीटर की दूरी पर एक मकान में चोरी हो चुकी है, जिसमें चोर नकदी, चांदी के जेवर और दो गैस टंकियां ले गए थे। इन घटनाओं के बाद व्यापारियों ने नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष से प्रमुख मार्गों व बाजारों में उच्च गुणवत्ता के कैमरे लगाने और पुराने कैमरों में रिकॉर्डिंग व स्टोरेज की व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है। साथ ही व्यापारियों और आमजन को अनजान व्यक्ति को मोबाइल न देने, क्त्रकोड लगाने वाले की आईडी व पहचान पत्र जांचने, OTP/ बैंकिंग जानकारी साझा न करने और ठगी होने पर तुरंत बैंक व 1930 पर सूचना देने के लिए सतर्क किया गया है। यह घटना साइबर सतर्कता के साथ-साथ शहरी बुनियादी सुरक्षा व्यवस्था की खामियों को भी उजागर करती है। जब तक सार्वजनिक निगरानी तंत्र को तकनीकी रूप से दुरुस्त नहीं किया जाता और नागरिक डिजिटल लेनदेन में अतिरिक्त सावधानी नहीं बरतते, तब तक ऐसी घटनाएं चुनौती बनी रहेंगी।

फॉरएवर 52 ने भूमिका बहल के साथ मिलाया हाथ

भारतीय मेकअप आर्टिस्ट्स को दुबई में मिलेगा अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण

लोकजीवन नेटवर्क, जयपुर

मेकअप के शौक को प्रोफेशन बनाने की चाह रखने वाले देशभर के उभरते कलाकारों के लिए अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सीखने और अपने हुनर को निखारने का सुनहरा अवसर है।

ब्यूटी ब्रांड फॉरएवर52 ने प्रसिद्ध भारतीय मेकअप एजुकेटर भूमिका बहल के साथ मिलकर अपने प्लेटफॉर्म 'एकेडमिक बाय फॉरएवर52' के तहत देशव्यापी 'दुबई टूर कॉन्टेस्ट' की शुरुआत की है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य भारतीय मेकअप टैलेंट को वैश्विक मंच और व्यावसायिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराना है। इस प्रतियोगिता में देशभर के प्रोफेशनल मेकअप आर्टिस्ट्स, स्टूडेंट्स, बिगिनर्स और ब्यूटी कंटेंट क्रिएटर्स हिस्सा ले सकते हैं। कॉन्टेस्ट में भाग लेने के लिए प्रतिभागियों को 'एकेडमिक बाय फॉरएवर52' रेंज के कम से कम एक प्रोडक्ट का उपयोग करते हुए एक मौलिक (ओरिजिनल) मेकअप लुक तैयार करना होगा। इसके साथ ही, उन्हें मेकअप से जुड़ी एक उपयोगी और प्रोफेशनल टिप भी साझा करनी होगी। चयन प्रक्रिया के तहत देशभर से प्राप्त प्रविष्टियों में से चार सर्वश्रेष्ठ सेमी-फाइनलिस्ट चुने जाएंगे, जिनमें से अंततः एक ग्रैंड विनर का चयन होगा।

ग्रैंड विनर को भूमिका बहल और फॉरएवर52 की टीम के साथ दुबई में तीन दिन बिताने का शानदार अवसर मिलेगा। इस दौरान विजेता को एक अंतरराष्ट्रीय मेकअप आर्टिस्ट से प्रोफेशनल ट्रेनिंग दिलाई जाएगी और प्रशिक्षण पूरा होने पर प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा। वहीं, शेष तीन सेमी-फाइनलिस्ट्स को 'एकेडमिक बाय फॉरएवर52' सीरीज वैनिटी उपहार में दी जाएगी, साथ ही उन्हें नई दिल्ली स्थित भूमिका बहल एकेडमी में एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण सत्र में शामिल होने का मौका भी मिलेगा। यह अभियान उन सभी युवाओं के लिए एक बड़ा मंच साबित होगा, जो अपने शहर से निकलकर वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बनाना चाहते हैं।

राजसमंद जिला प्रमुख चुनाव: सरपंच से जिला प्रमुख की कुर्सी, 12 साल बाद कांग्रेस की सुंदर देवी बनी जिला प्रमुख





लोकजीवन न्यूज सर्विस, राजसमंद

जिले की राजनीति में बुधवार को बड़ा उलटफेर देखने को मिला। 12 साल के लंबे इंतजार के बाद कांग्रेस ने एक बार फिर जिला प्रमुख की कुर्सी पर कब्जा जमा लिया। कांग्रेस की उम्मीदवार सुंदरदेवी कीर ने भाजपा के मदन सिंह चौहान को हराकर जिला प्रमुख का चुनाव जीत लिया। 29 सदस्यों वाली राजसमंद जिला परिषद में कांग्रेस के पास 17 सदस्य थे, जबकि भाजपा के पास 12 सदस्य थे। चुनाव से पहले क्रॉस वोटिंग की आशंकाओं और अटकलें का बाजार गर्म था। इन अफवाहों के बीच दोनों ही राजनीतिक दलों ने अपनी-अपनी रणनीति तैयार की थी। सभी जीते हुए सदस्यों को मतदान तक एकजुट रखने में कामयाबी हासिल की। कांग्रेस ने अपने सभी 17 सदस्यों को एकजुट रखा और मतदान तक अपनी संख्या बल को बरकरार रखा। वहीं भाजपा की ओर से भी क्रॉस वोटिंग के जरिए समीकरण बदलने के प्रयास किए गए, लेकिन भाजपा का यह दांव सफल नहीं हो पाया। मतदान के दौरान जिला परिषद परिसर में राजनीतिक सरगर्मियां तेज रहीं। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस का भारी जाब्ता तैनात किया गया। मतगणना के बाद कांग्रेस की सुंदरदेवी कीर को विजयी घोषित किया गया। उन्होंने भाजपा के मदन सिंह चौहान को पांच मतों से शिकस्त दी। मतगणना के बाद कांग्रेस की सुंदरदेवी कीर को विजयी घोषित किया गया। उन्होंने भाजपा के मदन सिंह चौहान को पांच मतों से शिकस्त दी। खास बात यह है कि सुंदरदेवी कीर का राजनीतिक सफर सरपंच से शुरू होकर अब जिला प्रमुख की कुर्सी तक पहुंचा है। उनकी जीत के साथ ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल देखने को मिला। राजसमंद में 12 साल बाद जिला प्रमुख का पद कांग्रेस के खाते में जाना जिले की राजनीति के लिहाज से बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। खास बात यह है कि सुंदरदेवी कीर का राजनीतिक सफर सरपंच से शुरू होकर अब जिला प्रमुख की कुर्सी तक पहुंचा है। उनकी जीत के साथ ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल देखने को मिला।



प्रमुख का मतदान उधर सीपी जोशी के खिलाफ नारेबाजी

राजसमंद जिला प्रमुख चुनाव के दौरान मेवाड़ के दिग्गज नेता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कांग्रेस के डॉक्टर सीपी जोशी और जिला अध्यक्ष आदित्य प्रताप सिंह के खिलाफ नाराज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर, नारेबाजी की नारेबाजी कर रहे लोगों का कहना है कि डॉक्टर सीपी जोशी ने जमीन से जुड़े हुए कांग्रेस के कार्यकर्ता लक्ष्मण गुर्जर को जिला प्रमुख का दावेदार नहीं बनाया जाना। उन्होंने कहा कि लक्ष्मण गुर्जर वर्षों से कांग्रेस पार्टी के लिए कार्य कर रहे हैं मगर अचानक डॉक्टर सीपी जोशी ने चाल चलते हुए सुंदर देवी को जिला प्रमुख का दावेदार बनाया यह गुर्जर समाज कतई बर्दाश्त नहीं करेगा और आने वाले विधानसभा चुनाव में गुर्जर समाज इसका असर दिखाएगा।

चेक बाउंस मामले में आरोपी को 18 माह का साधारण कारावास, 11 लाख रुपए प्रतिकर देने के आदेश

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

चेक अनादरण (बाउंस) के एक मामले में सुनवाई करते हुए न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुए 18 माह के साधारण कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही परिवादी को 11 लाख रुपए प्रतिकर के रूप में अदा करने का आदेश दिया गया है, जिसकी राशि जमा न कराने पर छह माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। जानकारी के अनुसार, ग्राम आमा, तहसील कोटड़ी निवासी जगदीश चन्द्र ओझा पुत्र हजारी लाल ओझा ने ग्राम भगुनगर निवासी महावीर प्रसाद धाकड़ पुत्र खाना धाकड़ के खिलाफ चेक बाउंस का परिवाद न्यायालय में दायर किया था। इस मामले में परिवादी की ओर से अधिवक्ता अभिमन्यु जोशी और एडवोकेट प्रताप तेली ने पैरवी की।

विशिष्ट न्यायिक मजिस्ट्रेट, एनआई एक्ट संख्या-04, भीलवाड़ा ने प्रकरण की सुनवाई के दौरान उपलब्ध तथ्यों व साक्ष्यों का परीक्षण किया। इसके पश्चात न्यायालय ने आरोपी महावीर प्रसाद धाकड़ को परक्राम्य लिखित अधिनियम (एनआई एक्ट) की धारा 138 के तहत दोषसिद्ध ठहराया। न्यायालय ने आरोपी को 18 माह के साधारण कारावास से दंडित करते हुए 11 लाख रुपए प्रतिकर देने और यह राशि न देने पर छह माह के अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा सुनाई। यह फैसला वित्तीय लेनदेन और चेक की विश्वसनीयता को बनाए रखने के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इससे स्पष्ट होता है कि चेक बाउंस जैसे मामलों में लापरवाही या देनदारी से बचने की कोशिश भारी कानूनी व आर्थिक दंड का कारण बन सकती है।

नाकाबंदी तोड़ खाकी पर स्कॉर्पियो चढ़ाने वाला एक और आरोपी गिरफ्तार

भीलवाड़ा । जिले में पुलिस की नाकाबंदी तोड़कर ड्यूटी पर तैनात दीवान को तेज रफ्तार स्कॉर्पियो से कुचलने का प्रयास करने के बहुचर्चित मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। चित्तौड़गढ़ जिले के सावा क्षेत्र निवासी आरोपी मोहम्मद हातीम खान की गिरफ्तारी के साथ ही इस प्रकरण में पकड़े गए आरोपियों की संख्या बढ़कर चार हो गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, अक्टूबर 2025 की आधी रात को रीको क्षेत्र से तेज रफ्तार स्कॉर्पियो में सवार होकर भाग रहे बदमाशों ने प्रताप नगर चौकी के बाहर लगाई गई पुलिस नाकाबंदी को चुनौती दी थी। मौके पर मौजूद पुलिस टीम ने बेरिकेड्स लगाकर वाहन को रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक और बदमाशों ने रुकने के बजाय बेरिकेड्स तोड़ दिए और ड्यूटी पर तैनात तत्कालीन दीवान प्रमोद कुमार को सीधी व जोरदार टक्कर मार दी। यह टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दीवान प्रमोद कुमार के पैर में गंभीर चोट आई और उनका पैर फ्रैक्चर हो गया। घायल दीवान को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाना पड़ा, जबकि वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी स्कॉर्पियो लेकर मौके से फरार हो गए थे। घटना के बाद चेतक मोबाइल ने बदमाशों का पीछा भी किया, लेकिन वे हाथ नहीं आ सके थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने लगातार जांच और धरपकड़ अभियान जारी रखा। इसी कड़ी में पुलिस ने मोहम्मद हातीम खान पुत्र जावेद खान निवासी ख्वाजा बाग, सावा (जिला चित्तौड़गढ़) को गिरफ्तार किया है। इससे पूर्व इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि एक अन्य आरोपी की तलाश जारी बताई जा रही है।

बनास और कोठारी नदी में अवैध बजरी परिवहन करते तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त, चालक फरार

भीलवाड़ा। जिले में अवैध बजरी खनन और परिवहन के खिलाफ पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। कारोई और कोटड़ी थाना पुलिस ने बुधवार को बनास और कोठारी नदियों में दबिश देकर बजरी से भरी तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त किया, हालांकि पुलिस की भनक लगते ही चालक मौके से भाग निकले। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, अवैध बजरी परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कारोई थाना प्रभारी रमेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दौलपुरा क्षेत्र में बनास नदी पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान नदी क्षेत्र से बजरी से भरी दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियां मिलीं। पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया, जबकि चालक मौका पाकर फरार हो गए। उधर, कोटड़ी थाना पुलिस ने भी सोमसियास क्षेत्र में कोठारी नदी पर दबिश देकर अवैध रूप से बजरी परिवहन कर रही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया। इस कार्रवाई के दौरान भी चालक वाहन छोड़कर मौके से रफूचक्कर हो गया। दोनों थाना क्षेत्रों में हुई इन संयुक्त कार्रवाइयों के बाद पुलिस जब्त किए गए वाहनों के संबंध में अग्रिम कानूनी कार्रवाई कर रही है। नदी क्षेत्रों में अवैध बजरी खनन और परिवहन से पर्यावरण व राजस्व को हो रहे नुकसान को रोकने के लिए यह कार्रवाई अहम मानी जा रही है। फरार चालकों की पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कदम उठाने से ही अवैध परिवहन पर प्रभावी लगाम लग सकेगी।

सोशल मीडिया पर डमी पिस्टल के साथ रौब झाड़ना पड़ा भारी, युवक गिरफ्तार

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

सोशल मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन कर दहशत फैलाने की प्रवृत्ति पर पुलिस ने सख्त रुख अपना लिया है। सदर थाना पुलिस ने सोशल मीडिया अकाउंट पर पिस्टल के साथ पोस्ट साझा करने के मामले में सुवाणा निवासी 25 वर्षीय युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है, जहां से उसे पाबंद किया गया। हालांकि जांच में सामने आई पिस्टल खिलौना (डमी) निकली, लेकिन पुलिस ने इसे कानून-व्यवस्था और गांव के माहौल के लिए संभावित खतरा माना। पुलिस के अनुसार, 24 नवंबर को सोशल मीडिया निगरानी और मुखबिर तंत्र से सूचना मिली कि सदर थाना क्षेत्र के सुवाणा गांव निवासी सुनील धोबी पुत्र सुरेश चन्द्र धोबी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पिस्टल के साथ एक पोस्ट डाली है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने युवक को डिटेन कर पूछताछ की और पोस्ट में दिख रही पिस्टल की पड़ताल की। जांच में स्पष्ट हुआ कि वह असली आग्नेयास्त्र न होकर नकली डमी पिस्टल है। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि भले ही पिस्टल खिलौना थी, लेकिन सोशल मीडिया पर हथियार के साथ पोस्ट डालने से गांव में भय का माहौल बनने और किसी संज्ञेय अपराध के घटित होने की आशंका पैदा हो गई थी। इसी को देखते हुए पुलिस ने सुनील धोबी को बीएनएसएस की धारा 170 के तहत गिरफ्तार किया और न्यायालय में पेश कर पाबंद करने की कार्रवाई की। यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक सागर राणा के निर्देशन में सोशल मीडिया पर हथियारों के प्रदर्शन के जरिए आमजन में डर फैलाने वालों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान का हिस्सा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश आर्य और वृत्ताधिकारी सदर अंजली सिंह के सुपरविजन में सदर थाना पुलिस ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। टीम में थाना प्रभारी प्रहलाद सहाय, हेड कांस्टेबल देवेन्द्र सिंह तथा कांस्टेबल ऋषिकेश और भंवर सिंह शामिल रहे। सोशल मीडिया पर नकली या खिलौना हथियार दिखाकर 'रौब' जमाने की यह घटना युवाओं के लिए गंभीर चेतावनी है। पुलिस की सतर्कता ने संभावित तनाव को समय रहते टाल दिया और यह स्पष्ट संदेश दिया कि डिजिटल मंचों पर किसी भी तरह की भड़काऊ या भय पैदा करने वाली गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

काछोला में 19 वर्षीय युवक संदिग्ध हालात में लापता, मोबाइल सिम घर छोड़ निकला

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

जिले में नाबालिगों, महिलाओं और युवाओं के लापता होने की घटनाओं के बीच काछोला थाना क्षेत्र से 19 वर्षीय युवक के अचानक गायब होने का मामला सामने आया है। हैरानी की बात यह है कि युवक घर से निकलने से पहले अपने मोबाइल फोन की सिम कार्ड निकालकर घर पर ही छोड़ गया, जिससे मामले को लेकर कई तरह की आशंकाएं गहरा गई हैं। जांच अधिकारी एएसआई त्रिपराज के अनुसार, बेराड़ा की झूंझड़ियां निवासी रामस्वरूप (19) पुत्र देवकिशन गुर्जर 22 नवंबर की सुबह बिना परिजनों को बताए घर से निकला था। तय समय पर वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने आसपास के क्षेत्रों और संभावित ठिकानों पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिल सका। पुलिस के अनुसार, रामस्वरूप केकड़ी क्षेत्र के एक हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रहा था और बीते करीब एक महीने से अपने घर पर ही रह रहा था। घर से निकलते समय मोबाइल की सिम घर पर छोड़ जाने की बात ने इस गुमशुदगी को और उलझा दिया है। युवक के वापस न लौटने पर उसके बड़े भाई रामनारायण ने काछोला थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई। फिलहाल पुलिस मोबाइल डेटा और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर रामस्वरूप की तलाश में जुटी हुई है। मोबाइल सिम घर पर छोड़ जाना युवक के लापता होने के पीछे किसी पूर्व नियोजन या संवेदनशील स्थिति की ओर इशारा करता है। मोबाइल डेटा और सीसीटीवी

5 स्थायी गिरफ्तारी वारंटों में वांछित आरोपी रतन खटीक गिरफ्तार

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

स्थायी वारंटियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सदर थाना पुलिस ने पांच प्रकरणों में वांछित स्थायी वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी को पकड़कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस के अनुसार, 25 नवंबर 2026 को पारिवारिक न्यायालय संख्या-01 भीलवाड़ा से जारी पांच स्थायी वसूली गिरफ्तारी वारंटों में वांछित रतन खटीक (36) पुत्र सत्यनारायण खटीक, निवासी कोदुकोटा को गिरफ्तार किया गया। रिकॉर्ड के मुताबिक, आरोपी के खिलाफ न्यायालय में प्रकरण संख्या 25/2024, 422/2022, 321/2024, 375/2025 और 351/2026 में स्थायी वसूली गिरफ्तारी वारंट लंबित थे। गिरफ्तारी के बाद उसे संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक सागर राणा के निर्देशन में स्थायी वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश आर्य और वृत्ताधिकारी सदर अंजली सिंह के सुपरविजन में सदर थाना प्रभारी प्रहलाद सहाय, जिला स्पेशल टीम के हेड कांस्टेबल ओमप्रकाश जाट, कांस्टेबल अखाराम और महेश कुमार की टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। लंबे समय से फरार चल रहे स्थायी वारंटियों की धरपकड़ से न्यायिक प्रक्रिया को गति मिलती है और कानून के शासन पर लोगों का भरोसा मजबूत होता है। पुलिस का यह अभियान लंबित मामलों के निस्तारण में प्रभावी भूमिका निभा रहा है।

पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने किए प्रभु श्रीनाथजी के दर्शन, मंगला आरती में हुए शामिल



लोकजीवन न्यूज सर्विस, राजसमंद

देश के पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ गुरुवार अल सुबह नाथद्वारा पहुंचे।

यहां उन्होंने सपरिवार पुष्टिमार्गीय प्रधान पीठ प्रभु श्रीनाथजी के मंगला झांकी के दर्शन किए। प्रभु की शरण में पहुंचे पूर्व उपराष्ट्रपति ने देश - प्रदेश में खुशहाली और सुख-समृद्धि की कामना की । दर्शनों के उपरांत मंदिर मंडल की परंपरा के अनुसार धनखड़ व उनकी प%ी का उपरना ओढ़ाकर और प्रभु श्रीनाथजी का प्रसाद भेंट कर समाधान किया गया। इस दौरान मंदिर के सहायक अधिकारी अनिल सनाढ्य, तिलकायत सचिव लीलाधर पुरोहित, जमादार विठ्ठल सनाढ्य, कैलाश पालीवाल सहित मंदिर के अन्य सेवादार उपस्थित रहे। इससे पूर्व नाथद्वारा पहुंचने पर जिला कलेक्टर अरुण कुमार हसीजा, एसपी हेमंत कुमार ओर एसडीएम भागीरथ सिंह ने उनकी अगवानी की। पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ प्रभु श्रीनाथजी के अनन्य भक्त हैं, वे पूर्व में भी राज्यपाल व उपराष्ट्रपति रहे हुए प्रभु श्रीनाथजी के दर्शन करने आते रहे है।

कार्यालय नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

क्रमांक : नियमन /2026/391015 दिनांक : यथा हस्ताक्षरित

आम सूचना

राजस्व ग्राम पांसल की आराजी सं. 4817/2738 के भूखण्ड संख्या कृषि भूखण्ड संख्या 6, 7 के नियमन बाबत्।

उपरोक्तानुसार आवेदक श्री राकेश व्यास पुत्र श्री रामप्रसाद व्यास ने राजस्व ग्राम पांसल की आराजी सं. 4817/2738 के कृषि भूखण्ड संख्या 6, 7 साईज 50x41.6+45/2 फीट जरिये पंजीकृत/अपंजीकृत दस्तावेज से क्रय किया है। उपरोक्त भूखण्ड गृह निर्माण सहकारी समिति/खातेदार श्री लछमण पुत्र श्री नाथु गुजर, श्री सुवालाल पुत्र श्री हजारी जाट द्वारा श्रीमति लहर देवी पत्नी श्री रामप्रसाद व्यास को विक्रय कर दिया एवं श्रीमति लहर देवी द्वारा भू सं. 6 श्री राकेश व्यास को जरिये पंजीबद्ध बक्षीस पत्र से बक्षीस कर दिया एवं श्रीमति लहर देवी की मृत्यु हो जाने से उनके वारिसान द्वारा भू.सं. 7 में से अपना सम्पूर्ण हिस्सा अन्य वारिस श्री राकेश व्यास के पक्ष में जरिये रजिस्टर्ड रिलीज डीड से हक परित्याग से प्राप्त कर इस भूखण्ड के नियमन बाबत् यदि किसी भी व्यक्ति या सम्बन्धित को कोई उजर/एतराज/आपत्ति हो तो विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से सात दिवस में न्यास में अपनी आपत्ति मय सबूत दस्तावेज प्रस्तुत करे। बाद गुजरने मियाद यदि किसी व्यक्ति या सम्बन्धित द्वारा कोई आपत्ति प्रस्तुत की जाती है तो स्वीकार नहीं की जावेगी तथा भूखण्ड के नियमन बाबत् अग्रिम कार्यवाही आवेदक के पक्ष में निर्विवाद मानते हुए सम्पादित कर दी जायेगी तथा न्यास बाद में होने वाले किसी भी विवाद के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

विशेषाधिकारी (भूमि)
नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा